www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 2, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 16 जुलाई 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## विकास की रफ्तार भी होगी और तेज


# किसानों और नौजवानों को दे डाली बड़ी सौगात

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल और आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में देश की विनिर्माण क्षमता, बुनियादी ढांचे, कृषि, परिवहन और समुद्री क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद इन निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम और वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

हम आपको बता दें कि कैबिनेट ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (एमपीएमएस) को 62,500 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के साथ मंजूरी दी। वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक लागू रहने वाली इस योजना के तहत भारत में मोबाइल फोन निर्माण पर 2.25 से 5 प्रतिशत तक प्रोत्साहन दिया जाएगा। घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपोनेंट्स की खरीद पर अतिरिक्त 1.5 प्रतिशत और भारतीय ब्रांडों द्वारा डिजाइन एवं अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के लिए 3 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। सरकार का अनुमान है कि योजना अवधि में लगभग 39 लाख करोड़ रुपये का मोबाइल उत्पादन होगा, निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा करीब 60 हजार प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह योजना पीएलआई योजना के बाद भारत को वैश्विक मोबाइल विनिर्माण केंद्र के रूप में और मजबूत करेगी। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को और गति देने के लिए सरकार ने सेमिकॉन 2.0 को भी 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ मंजूरी दी। यह कार्यक्रम चिप डिजाइन, मशीनों एवं कच्चे माल के निर्माण, नए फैब स्थापित करने, एटीएमपी/ओसैट इकाइयों के विस्तार, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रतिभा विकास जैसे छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगा। सरकार का लक्ष्य भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाना है। अब तक सेमिकॉन 1.0 के तहत 12 विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि 105 स्टार्टअप चिप डिजाइन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। भारतीयनौसेना जानकारी

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए भी कैबिनेट ने दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को मंजूरी दी। पहली परियोजना के तहत एनएच-19 से वाराणसी रिंग रोड तक गंगा तट के समानांतर 46.04 किलोमीटर लंबे छह लेन के एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण 14,447.64 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।



## 2.19 लाख करोड़ के मेगा प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

**केंद्रीय** कैबिनेट ने सात बड़े फैसलों को मंजूरी दी, जिनमें सेमीकॉन 2.0, मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम और यूरिया-2026 के लिए नेशनल इन्वेस्टमेंट पॉलिसी के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर और रेलवे प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। मंजूर किए गए प्रोजेक्ट्स का कुल खर्च 2,19,353 करोड़ रुपये है। कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सात बड़े फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले दो फैसले वाराणसी (काशी) में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के नए तरीके से जुड़े हैं। मंत्री के अनुसार, सरकार ने वरुण नदी के किनारे 10,998 करोड़ रुपये की लागत से 6/4-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर और गंगा नदी के किनारे 14,448 करोड़ रुपये की लागत से 6-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। मुख्य घोषणाओं में, कैबिनेट ने 1,27,500 करोड़ रुपये के खर्च के साथ सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी। यह मंजूरी सरकार का एक अहम फैसला है।

कैबिनेट ने 62,500 करोड़ रुपये के बजट के साथ मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को भी मंजूरी दी। यह स्कीम सेमीकॉन 2.0 के साथ घोषित मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े अहम फैसलों में से एक है।

## हरियाणा-दिल्ली और कर्नाटक समेत इन राज्यों में बढ़ी एसआईआर की तारीख

## कब जारी होगी फाइनल वोटर लिस्ट?

**नई दिल्ली**

**चुनाव** आयोग ने दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक कई राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया है. दिल्ली में अब फाइनल वोटर लिस्ट 19 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी. दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे एक पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल अब पांच अगस्त के बजाय 17 अगस्त को आएगा. इसी तरह, घर-घर जाकर सत्यापन करने की प्रक्रिया अब आठ अगस्त तक जारी रहेगी, जो पहले 29 जुलाई तक के लिए निर्धारित थी.

दिल्ली एसआईआर के तीसरे चरण का हिस्सा है, जिसे 14 मई को शुरू किया गया था. तीसरा चरण पूरा होने के बाद, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरे देश में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी. इससे पहले भी अलग-अलग कारणों के चलते एसआईआर के कार्यक्रमों में अक्सर बदलाव देखने को मिले हैं.



**पंजाब में 12 अक्टूबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची**

भारत निर्वाचन आयोग ने पंजाब में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के कार्यक्रम में 1 अक्टूबर की पात्रता तारीख को ध्यान में रखते हुए बदलाव किया है. संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, 3 अगस्त तक बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे. मतदाता सूची का ड्राफ्ट 13 अगस्त को प्रकाशित किया जाएगा और अंतिम मतदाता सूची 12 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी.


**कर्नाटक में 19 अक्टूबर को जारी होगी फाइनल वोटर लिस्ट**

चुनाव आयोग ने कर्नाटक में एसआईआर कार्यक्रम में बदलाव किया है. संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, कर्नाटक में अब बीएलओ 8 अगस्त 2026 तक घर-घर जाकर सत्यापन कर सकेंगे. ड्राफ्ट 17 अगस्त को जारी होगा, जबकि फाइनल वोटर लिस्ट 19 अक्तूबर को जारी होगी.

**तेलंगाना में 12 अक्तूबर को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट**

भारत निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन कार्यक्रम में 1 अक्टूबर की पात्रता तिथि को ध्यान में रखते हुए बदलाव किया है. संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, मतदाता सूची का ड्रॉफ्ट 10 अगस्त को प्रकाशित किया जाएगा और फाइनल वोटर लिस्ट 12 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी।

## आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर चलने के लिए तैयार




## 15 दिनों की मिली मोहलत

**रामपुर**

**जौहर** यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर चलेगा. रामपुर विकास प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया. बिना नक्शा के हुए निर्माण को गिराया जाएगा. रामपुर विकास प्राधिकरण ने बिना स्वीकृत नक्शे के निर्माण को अवैध माना. विस्तृत सुनवाई के बाद ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया. योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चलेगा. बता दें कि सपा के सीनियर नेता आजम खान इस यूनिवर्सिटी के चांसलर हैं. आजम खान अभी जेल में बंद हैं.

**40 में से 38 बिल्डिंग बिना नक्शे के- डीएम**

रामपुर के डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने कहा, "जौहर यूनिवर्सिटी की इमारत बिना अनुमति के बनाई गई थी. नोटिस दी गई थी. लिखित जवाब दिया है. आज सुनवाई हुई.. सारी कार्रवाई संपन्न होने के बाद पता चला कि जौहर यूनिवर्सिटी में 40 भवनों का निर्माण किया गया है जिसमें से मात्र दो का मानचित्र स्वीकृत है. शेष 38 भवन बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बनाए गए हैं. उन्हें अवैध निर्माण माना गया और आज ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर दिया गया."

डीएम आगे ने कहा, "जौहर यूनिवर्सिटी जहां बनी है वो क्षेत्र 2024 के बाद से आरडीए के अधिकार क्षेत्र में आया है. उससे पहले जिला पंचायत के अधिकार में था. पूरे परिसर में सिर्फ दो भवनों का मानचित्र जिला पंचायत से स्वीकृत कराया है।

## खतरे में देश की परमाणु सुरक्षा!

## भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम के डेटा में सेंध

**तमिलनाडु**

**तमिलनाडु** स्थित देश के सबसे बड़े कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट से जुड़ी संवेदनशील डेटा लीक हो गई है. वर्ल्ड लीक्स नाम के दो हैकर ग्रुप ने इस पावर प्लांट की जानकारियों को पोस्ट किया है, जिसमें प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट (नक्शे), सप्लायर्स की जानकारी, मीटिंग और इंस्पेक्शन रिकॉर्ड्स, उपकरणों के रिव्यू और इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े करीब 19,000 जरूरी दस्तावेज की डिटेल शामिल है. वर्ल्ड लीक्स हैकर ग्रुप ने दावा किया है कि ये दस्तावेज अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के हैं, जो इस प्लांट में कॉन्ट्रक्टर के रूप में काम कर रहा है. तमिलनाडु में स्थित कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट भारत के सात परमाणु संयंत्रों में सबसे बड़ा है. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने बताया कि उसके डेटा में आंशिक सेंधमारी की गई है. कंपनी ने बताया कि यह डेटा थर्ड पार्टी डेटा सेंटर सर्विस प्रोवाइडर योट्टा के सर्वर पर होस्ट था. रिलायंस ने इस घटना की जानकारी भारत सरकार को दे दी है. हालांकि कंपनी ने ये नहीं बताया है कि किस तरह का डेटा चोरी हुआ है।



## भारत टेक्स 2026 में बिहार ने उभरते टेक्सटाइल हब के रूप में दर्ज कराई सशक्त उपस्थिति

**नई दिल्ली**

**देश** के सबसे बड़े वैश्विक टेक्सटाइल आयोजन भारत टेक्स 2026 का शुभारंभ आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुआ। 17 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय वस्त्र मंत्री माननीय गिरिराज सिंह ने किया। इस अवसर पर वस्त्र राज्य मंत्री माननीय पबित्रा मार्गेरिटा, वस्त्र सचिव नीलम शामी राव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीएमसी में टूट के बीच बोलीं ममता, बागियों को लेकर बड़ा ऐलान

# 'अभिषेक बनर्जी बहुत बुरे हैं...'- ममता बनर्जी

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने बुधवार (15 जुलाई 2026) को बगावत के बीच अभिषेक बनर्जी का समर्थन किया और ळटउ को फिर से खड़ा करने का वादा किया. उनका यह समर्थन ऐसे समय में दिया गया है जब कई बागी नेताओं ने ळटउ छोड़ने के लिए अभिषेक बनर्जी के कथित मनमाने रवैये को जिम्मेदार ठहराया है. ममता बनर्जी ने पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को गद्दार करार देते हुए जनता से माफी मांगी. उन्होंने कहा, 'न तो मैंने और न ही मेरे परिवार ने कभी राजनीतिक अस्तित्व के लिए कोई समझौता किया है.'



ममता बनर्जी ने कहा, 'हमने अपना संघर्ष कभी खत्म नहीं किया है. आज भी मैं कहती हूं कि जब हम सत्ता में थे तो केंद्र सरकार ने हमारी सारी फंडिंग रोक दी थी. इसके बावजूद हमने आम लोगों के लिए 105 प्रोजेक्ट शुरू किए थे. आज मैं अलग-अलग यूट्यूब और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख रही हूं करीब 1.5 करोड़ नाम लक्ष्मी भंडार योजना से हटा दिए गए. मुझे पता है कि इन 2 महीनों में बंगाल की हालत, बंगाल की संस्कृति, बंगाल का भाईचारा, महिलाओं की सुरक्षा और 'एंटी-गुंडा एक्ट' के नाम पर कई तरह के अत्याचार हो रहे हैं.' उन्होंने कहा, 'कई मामलों में गिरफ्तारियां हो रही हैं और धमकियां दी जा रही हैं. चूंकि इखढ का अपना कोई संगठन नहीं है इसलिए उन्होंने कुछ गद्दारों को चुना है, जो कभी इखढ का विरोध नहीं करेंगे और अगर वे करते भी हैं तो यह सिर्फ दिखावा होगा. ये लोग बीजेपी के इशारों पर दूसरों को धमकाते हैं. अब पुलिस स्टेशन प्रभारी इखढ के ब्लॉक अध्यक्ष हैं और एसपी बीजेपी के जिला अध्यक्ष हैं. वे अलग-अलग इलाकों में जाकर विधायकों को धमका रहे हैं, मेरे सक्रिय कार्यकताओं को धमका रहे हैं. ममता बनर्जी ने कहा, 'आज अभिषेक आपके (बागी ळटउ नेताओं के) लिए बहुत बुरे हैं. आपको याद नहीं कि उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ उइक के पास गई थीं।

## घटिया टिप्पणियों का जवाब नहीं देता

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने शिवसेना  नेता संजय राउत की टिप्पणियों को खारिज करते हुए उन्हें निचले स्तर का और जवाब देने लायक नहीं बताया। शिंदे का यह बयान राउत के उस आरोप के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि शिंदे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मंजूरी लेने के लिए "चुराई हुई संपत्ति" झ्र यानी अपने गुट को लेकर गए थे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिंदे ने कहा कि संजय राउत की टिप्पणियों के बारे में मेरे प्रवक्ता ही जवाब देते हैं। मुझे ऐसी घटिया टिप्पणियों का जवाब देना सही नहीं लगता। उन्होंने शिवसेना के अपने गुट और वइळ गुट के बीच अंतर बताते हुए कहा कि वे 'बर्बाद करने' की भाषा बोलते हैं, जबकि हम 'आगे बढ़ने और विकास करने' की बात करते हैं। वे चार साल से गालियां दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करके वे खुद के लिए ही और बड़ी मुसीबत खड़ी कर रहे हैं। महाराष्ट्र की जनता मजबूती से हमारे साथ खड़ी है। गृह मंत्री से अपनी हालिया मुलाकात का मकसद बताते हुए शिंदे ने कहा कि उनके साथ छह सांसद भी थे, जो हाल ही में उनके गुट में शामिल हुए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने विकास कार्यों के लिए समर्थन मांगा और जोर देकर कहा कि यह मुलाकात पूरी तरह से गैर-राजनीतिक थी। शिंदे ने बताया कि हाल ही में छह सांसद शिवसेना में शामिल हुए हैं। हम अमित भाई से आशीर्वाद लेने और अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों से जुड़े कई प्रस्ताव पेश करने के लिए उनसे मिलने गए थे। इनमें कृष्णा-मराठवाड़ा जैसी सिंचाई परियोजनाएं, साथ ही रेलवे, सड़क और मनरेगा  व पीएम आवास योजना जैसी ग्रामीण विकास योजनाएं शामिल हैं।



## अमित शाह की उपस्थिति में MCD और NDDB ने CBG प्लांट्स की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में आज नई दिल्ली में दिल्ली नगर निगम और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने दिल्ली में गोबर के समुचित उपयोग के लिए कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट्स की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह, दिल्ली के उप-राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय गृह सचिव और केन्द्रीय सहकारिता सचिव सहित केन्द्र एवं दिल्ली सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**शहरऔर स्थानीय मार्गदर्शिका**

इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज हुआ समझौता देश के सभी बड़े शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए एक मॉडल का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से न सिर्फ पशु पालकों की आय बढ़ेगी, स्वच्छता भी बढ़ेगी, कंप्रेस्ड बायो-गैस प्राप्त होगी और ऑर्गेनिक खेती की दिशा में भी इससे बहुत बड़ी प्रेरणा मिलेगी।

अमित शाह ने कहा कि सभी देशवासी चाहते हैं कि यमुना नदी का जल स्वच्छ हो, लेकिन यह कल्पना यमुना नदी में गिरने वाली गंदगी के निकास के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यमुना जी के शुद्धिकरण के संकल्प की सिद्धि की दिशा में यह समझौता एक अहम कदम है।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गटर के पानी और औद्योगिक कचरे के शुद्धिकरण के लिए दिल्ली में लगभग 80 ट्रीटमेंट प्लांट्स पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में थोड़ा सा भी गोबर यमुना जी में न जा पाए, ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

## वाराणसी को ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति!

### गंगा और वरुण नदी के किनारे 25,446 करोड़ के एलिवेटेड कॉरिडोर को कैबिनेट की मंजूरी

**वाराणसी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को वाराणसी के बुनियादी ढांचे को एक नया और ऐतिहासिक आयाम देने वाले बड़े रोड प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके तहत धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध काशी नगरी को ट्रैफिक जाम की बड़ी समस्या से परमानेंट मुक्ति दिलाने के लिए गंगा और वरुण नदियों के किनारे कुल 89 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट को आधुनिक 'हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल' के तहत तैयार किया जाएगा। यह एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल है जिसका उपयोग भारत सरकार, विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , बड़े एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में करती है। इसके निर्माण से शहर के आंतरिक मार्गों पर वाहनों का भारी दबाव बेहद कम हो जाएगा। सरकारीएजेंसियां



**वरुण नदी के किनारे एलिवेटेड कॉरिडोर (43 किमी)**

वरुण नदी के समानांतर बनने वाला यह कॉरिडोर उत्तर और पूर्व वाराणसी के क्षेत्रों को नई कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

लंबाई व चौड़ाईः यह कॉरिडोर 43 किलोमीटर लंबा और 6/4 लेन का होगा।

अनुमानित लागतः इस परियोजना पर करीब 10,998 करोड़ रुपये की लागत आने की उम्मीद है।

कनेक्टिविटीः यह प्रोजेक्ट ठल्-31 को वाराणसी रिंग रोड से सीधे जोड़ेगा।

अंशात्मक बुनियादी ढांचाः इस मुख्य कॉरिडोर के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण फ्लाईओवरों, लूप, रैंप और दोनों तरफ सुगम सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा।

# बीडीओ ने कार्य प्रगति को लेकर सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवकों के साथ की बैठक

## राशनकार्ड से वंचित अवशेष परिवारों की फैमिली आई डी को अतिशीघ्र बनाने का निर्देश

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** गावों में मजदूरों को 125 दिन का काम मिल सके इसके लिए वीबी जी राम जी के तहत प्रत्येक गावों मे काम चलता रहे। वृक्षारोपण अभियान मे लगे पौधों की सिचाई व सुरक्षा ब्यवस्था का विशेष ध्यान दें। यह बातें बुधवार को फूलपुर विकास खण्ड के सभागार कक्ष मे सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवकों के साथ आयोजित बैठक में प्रगति की समीक्षा करते हुए खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार ने कही। उन्होंने भूजल सप्ताह की तैयारी करने के साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायतो में राशन कार्ड से वंचित अवशेष परिवारों की फैमिली आई डी बनाने पर विशेष जोर दिया। अपेक्षित लक्ष्य को पूरा न करने पर संबधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। गावों मे चल रही ब्लाक स्तरीय विभिन्न सरकारी योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए उन्होने डिजिटल लाइब्रेरी, आगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण, परिसंपतियों का सृजन व कार्यपूर्ति की भी समीक्षा की। इस दौरान बीडीओ द्वारा गौशाला मे पशुओ के लिए समुचित चारे की ब्यवस्था व साफ सफाई का विशेष ध्यान देने का भी निर्देश सचिवों को दिया गया । मौके पर बीडीओ सोनम सरोज, सचिव धीरेन्द्र कुशवाहा, संजय कुमार, महेश, रूचि मेहरोत्रा, स्मिता तृप्ति, अविनाश सिंह, रूबी यादव, सोना वर्मा, केपी सिंह, रवि वर्मा, राजेश यादव, वासुदेवानन्द दुबे एडीओ श्यामधर यादव, ओम प्रकाश, एकाउटेंट राकेश कुमार, तकनीकी सहायक नन्द गोपाल, मानिक सिंह, धरमू राम,पन्ना लाल प्रजापति रोजगार सेवक नूरूद्दीन, विजय चन्द्र विश्वकर्मा, हरिओम प्रकाश, अनिल कुमार, बसन्त, रविन्द्र मिश्रा सहित अन्य रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक मौजूद रहे।



फूलपुर ब्लाक में विकास कार्यों की समीक्षा करते बीडीओ अमित कुमार

## मुंबई में हार्ट अटैक से युवक की मौत

**करछना प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के निरिया गांव निवासी 37 वर्षीय मनोज कुमार कनौजिया की मुंबई में हार्ट अटैक से मौत हो गई। मंगलवार देर रात पोस्टमार्टम के बाद एंबुलेंस से शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार को डीहा गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के मुताबिक मनोज कुमार कनौजिया पुत्र श्यामलाल कनौजिया परिवार के भरण-पोषण के लिए मुंबई में रहकर मजदूरी करते थे। तीन दिन पहले अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई। घटना की सूचना मिलते ही गांव और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी आरती देवी, दो बेटियां आस्था और मानसी तथा एक बेटा है। आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर होने के कारण परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शव घर पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।



# स्कूल चलो रैली निकाल शिक्षा का संदेश, नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत




**करछना प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शासन के स्कूल चलो अभियान के तहत बुधवार को पीएम श्री विद्यालय पीड़ी में नवप्रवेशी बच्चों का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी शैलपति यादव के नेतृत्व में विद्यालय से पिंडी गांव और रामकापुरा बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने तख्तियां व पोस्टर लेकर नामांकन और नियमित विद्यालय आने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एआरपी रामबाबू पटेल, प्रधानाध्यापक शैलेंद्र प्रताप सिंह, अनिमेष श्रीवास्तव, हेमंत त्रिपाठी, फिदा हुसैन सहित शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# चलती बस में लगी आग, यात्रियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



**करछना प्रयागराज ब्यूरो।** करछना-कोहड़ार मार्ग पर धरवारा गांव के खेस्का के पास बुधवार दोपहर करीब 12:00 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रयागराज से लगभग 15 यात्रियों को लेकर कोरांव जा रही एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क किनारे नाले पर चढ़ गई। रेलिंग से रगड़ लगते ही बस में अचानक आग लग गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के समय सभी यात्री तुरंत बस से बाहर निकल आए, जिससे जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद चालक और परिचालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही करछना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। हादसे में कोरांव क्षेत्र के हरदिया गांव निवासी राजकुमारी, पत्नी विद्याकांत पांडेय, को मामूली चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समय रहते यात्रियों के सुरक्षित बाहर निकल जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।



## भाजपा के कार्यकर्ताओं ने डॉ. धनंजय सिंह का किए सामान

**कई जटिल फैक्चर का सफल ऑपरेशन कर मरीज के चहरे पर मुस्कान दिए, संजय श्रीवास्तव**

**प्रयागराज।** चिरंजीव नर्सिंग होम के प्रबंधक डॉ. धनंजय सिंह का स्वागत अभिनंदन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के फैक्चर हुए हाथ का सफल ऑपरेशन करने पर भाजपा कार्यकताओं ने डा. धनंजय सिंह का स्वागत और अभिनंदन किया। संजय श्रीवास्तव ने कहा डॉ. धनंजय सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ ने कई जटिल फैक्चर का सफल ऑपरेशन कर मरीज के चहरे पर मुस्कान ला कर सराहनीय काम किए हैं। और समाज के अन्य क्षेत्रो में भी सामाजिक विशेष रूप से सहयोग रहता है। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह,मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता राजू जायसवाल, महंत पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी, अध्यक्ष नीरज शर्मा, मनोज तिवारी, बाबूजी यादव, राणा श्रीवास्तव, आनंद कुशवाहा सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

# पूर्व बीईओ अरुण अवस्थी को सम्मानपूर्ण विदाई, शैलपति यादव का हुआ स्वागत


बीआरसी पीड़ी में पूर्व बीईओ अरुण अवस्थी को सम्मानित एवं नवागत बीईओ शैलपति यादव का स्वागत करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**कौंधियारा।** प्रयागराज कौंधियारा में प्राथमिक शिक्षक संघ कौंधियारा की ओर से बुधवार को बीआरसी पीड़ी में आयोजित समारोह में पूर्व खंड शिक्षाधिकारी अरुण अवस्थी को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वहीं नवागत खंड शिक्षाधिकारी शैलपति यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने अरुण अवस्थी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सरल एवं सहयोगी स्वभाव की प्रशंसा की तथा शैलपति यादव से शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष अनिमेष श्रीवास्तव, मंत्री हेमंत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष फिदा हुसैन, उमेश चंद्र पांडेय, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अरुण ओझा, रामेंद्र भूषण शुक्ल, प्रभाशंकर ओझा, सुरेश त्रिपाठी, सुरेश मिश्र, नीलम शुक्ला, संतोष कुमार, एआरपी नीरज मिश्र, दुर्गेश मिश्र, ममता कनौजिया, शालिनी सहित शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन बद्री प्रसाद मिश्र ने किया।

# मोबाइल कोर्ट में 131 मामलों की सुनवाई, दिव्यांगों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश प्रो. हिमांशु शेखर झा की अध्यक्षता में बुधवार को सर्किट हाउस में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांग प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड, राशन कार्ड, आवास, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग पेंशन और अन्य योजनाओं से जुड़े 131 मामलों की सुनवाई की गई। राज्य आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मोबाइल कोर्ट में राज्य आयुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल बोर्ड की नियमित बैठकें कराई जाएं और 18 वर्ष से अधिक आयु के पात्र दिव्यांगजनों को स्थायी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किया जाए। साथ ही अधिकारियों को दिव्यांगजनों से मिलने और उनकी समस्याएं सुनने के लिए अलग से समय निर्धारित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का पालन करते हुए सुविधाओं को अधिक सुलभ बनाएं। जिन कार्यालयों में संभव हो, वहां दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए भूतल पर ही जनसुनवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खेल, साहित्य, संस्कृति और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में दिव्यांग आइकन नामित कर उन्हें प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया। मोबाइल कोर्ट के दौरान पात्र लाभार्थियों को 25 श्रवण यंत्र, 10 एमआर किट, तीन व्हीलचेयर और एक स्मार्ट केन वितरित की गई। मौके पर ही 25 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड तथा पांच पात्र लाभार्थियों को अंत्योदय राशन कार्ड भी प्रदान किए गए। इसके अलावा पात्र दिव्यांगजनों को आवास उपलब्ध कराने के लिए ग्राम्य विकास विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, ग्राम्य विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, रेलवे तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय दौरे पर आज प्रयागराज आएंगी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, दो दीक्षांत समारोहों में होंगी शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार से दो दिवसीय प्रयागराज दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह दो विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के साथ आंगनबाड़ी किट का वितरण करेंगी और विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल गुरुवार को दोपहर 1:35 बजे प्रयागराज पहुंचेंगी। इसके बाद दोपहर 2:45 बजे से राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। समारोह के दौरान वह आंगनबाड़ी किट का भी वितरण करेंगी। शाम 6:15 बजे राज्यपाल खुल्दाबाद स्थित राजकीय बालिका गृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे वह राजर्षि टंडन मुक्त (ओपन) विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। यहां भी आंगनबाड़ी किट का वितरण किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों के बाद राज्यपाल दोपहर 3:15 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

# सहसों में राहगीरों से रुपये मांगती संदिग्ध युवतियां पुलिस चौकी पहुंचीं, पूछताछ में जुटी पुलिस

**सहसों।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत जगबंधनपुर गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग (रिंग रोड) के सर्विस रोड पर रविवार को राहगीरों से रुपये मांगती दिखाई दीं। संदिग्ध युवतियां बुधवार को एक बार फिर सहसों क्षेत्र में नजर आईं। सूचना मिलते ही पुलिस ने सभी युवतियों को चौकी लाकर पूछताछ शुरू कर दी। चकिया घरहरा गांव निवासी एवं ग्राम प्रधान संघ के मंडल उपाध्यक्ष गणेश बल्लभ द्विवेदी ने युवतियों को राहगीरों से रुपये मांगते देखा तो तत्काल सहसों पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना पर चौकी प्रभारी राजेश कुमार चौबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी युवतियों को चौकी ले आए। पूछताछ के दौरान युवतियों ने बताया कि वे गुजरात से आई हैं और शहर की एक धर्मशाला में ठहरी हुई हैं। उनका कहना है कि वे क्षेत्र में घूम-घूमकर लोगों से आर्थिक सहायता मांगती हैं। पुलिस उनके बताए गए तथ्यों का सत्यापन करने के साथ ही उनके आने के उद्देश्य और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। चौकी प्रभारी ने युवतियों को समझाते हुए कहा कि एक साथ समूह बनाकर राहगीरों को रोककर रुपये मांगना उचित नहीं है, क्योंकि इससे लोगों में भय और असहजता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। गौरतलब है कि रविवार को भी जगबंधनपुर के समीप इसी स्थान पर कुछ युवतियों द्वारा राहगीरों से रुपये मांगने का मामला सामने आया था। उस समय गुलालपुर गांव निवासी एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि बाइक से बगई खुर्द जाते समय कुछ युवतियों ने उन्हें रोककर रुपये मांगने का प्रयास किया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद सभी युवतियां एक वाहन में बैठकर वहां से चली गई थीं। फिलहाल पुलिस युवतियों से गहन पूछताछ कर मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।




## चनेथू निवासी देवेश शुक्ल का बीमारी से निधन, परिजनों में कोहराम



**जंघई।** जनता माध्यमिक विद्यालय चनेथू के संस्थापक रहे दिवंगत स्व. पंडित कमला शंकर शुक्ल पंडितजी के पुत्र मुन्ना शुक्ल चनेथू शुक्लान निवासी के ज्येष्ठ पुत्र देवेश शुक्ल हर्ष उम्र 27 वर्ष का कैंसर की लंबी बीमारी से निधन हो गया है। देवेश के परिजनों ने मुंबई, दिल्ली, वाराणसी, प्रयागराज जहां जहां कैंसर का इलाज होता था, वहां वहां इलाज हेतु लेकर गए अंततः देवेश की सांसें थम गई। पिता, मां, बहन, भाई एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है, क्योंकि दो वर्ष से इलाज चल रहा था लेकिन देवेश की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों, ग्रामीणों, रिश्तेदारों में शोक की लहर है सभी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है। देवेश बहुत मिलनसार, उदार, सीधे सादे सरल विचार के थे। उनके निधन पर परिजनों में दयाशंकर शुक्ल, आलोक शुक्ल, डॉ आशुतोष शुक्ल, मुकेश शुक्ल, शिवम शुक्ल, आयुष शुक्ल, क्षितिज शुक्ल, पार्थ शुक्ल, सार्थक शुक्ल व नमिष शुक्ल सहित समस्त चनेथू ग्राम सहित परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के अभियान के तहत स्कूल के बच्चों ने एनवायरमेंट को बचाने के लिए पौधा रोपण अभियान चलाएं




**प्रयागराज।** लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल तथा लायंस क्लब प्रयागराज झिलमिल के लायन सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से, होली क्रॉस स्कूल प्रयागराज में वन फैमिली वन ट्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी द्वारा चलाए जा रहे अभियान लेट अस ग्रीन अवर टुमारो के तर्ज पर स्कूल के बच्चों तथा समस्त टीचिंग स्टाफ के साथ मिलकर एनवायरमेंट को बचाने के लिए पौधा रोपण और पौधों के वितरण का कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन लायन आर के साहू, एनवायरमेंट चेयरपर्सन लायन माला मिश्रा एवं हंगर चेयरपर्सन लायन धीरेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम जोन चेयरपर्सन तृप्ती पवार के द्वारा आयोजित किया गया था। लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के चार्टर प्रेसिडेंट डॉ रमेश चंद्रा पूर्व अध्यक्ष इं संत कुमार वर्मा इं रवि भूषण गुप्ता, सुधा गुप्ता, अल्पना वर्मा, एवं श्याम बिहारी गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम बच्चों के कोलाहल के बीच बहुत ही सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# 'हर बच्चा स्कूल पहुंचे' के संकल्प के साथ निकली नामांकन जागरूकता रैली, अभिभावकों को किया प्रेरित

**सहसों।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर प्राथमिक विद्यालय बभनकुइयाँ में छात्र नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों एवं अभिभावकों को 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया।

रैली का शुभारंभ ग्राम प्रधान अशोक कुमार एवं समाजसेवी शिव नारायण सिंह उर्फ गप्पू नेता ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक विंदेश्वरी प्रसाद, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने गांव में भ्रमण कर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। शिक्षकों ने घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया और बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अजीत सिंह ने अभिभावकों को परिषदीय विद्यालयों में सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं अन्य आवश्यक सामग्री के लिए डीबीटी के माध्यम से 1200 की धनराशि सीधे अभिभावकों के बैंक खाते में भेजी जाती है। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन, फल एवं चिक्की वितरण, पुस्तकालय, खेलकूद सामग्री सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की समुचित व्यवस्था विद्यालय में उपलब्ध है। रैली कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चों का समय पर विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित हो। रैली में शालिनी त्रिपाठी, अमिता, अमृतलाल सरोज, फातिमा जबीं, साधना सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल रहे।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम मान्शी पुत्री सुरजीत है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0 503171 410629 में उसका नाम मनिषा प्रजापति अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम मान्शी पुत्री सुरजीत के नाम से जाना वा पहुँचाना जाए ।

**सरिता प्रजापति पत्नी सुरजीत निवासी ग्राम गढ़ी बाजार पोस्ट अन्धावा पश्चिम शरीरा जनपद कौशांबी यूपी।**

# विश्वकर्मा पोर्टल पर होगी सभी सड़कों की जियो मैपिंग, रोड कोड के बिना नहीं मिलेगी निर्माण कार्यों की स्वीकृति

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिले में सड़क निर्माण और रखरखाव से जुड़े सभी विभागों को विश्वकर्मा पोर्टल से जोड़ने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। इसके तहत सभी सड़कों की जीआईएस आधारित जियो मैपिंग कर एकीकृत डाटाबेस तैयार किया जाएगा। इससे सड़क निर्माण कार्यों में पारदर्शिता आएगी और एक ही सड़क पर दोहरी स्वीकृति की समस्या समाप्त होगी।

यह निर्देश बुधवार को अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए। बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में हुई। अधिकारियों को बताया गया कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के पास भी विभिन्न सड़कों का स्वामित्व और रखरखाव की जिम्मेदारी है। ऐसे में सभी विभागों की सड़क संबंधी जानकारी एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराने के लिए विश्वकर्मा पोर्टल पर जियो मैपिंग कराई जाएगी।

बैठक में बताया गया कि मैपिंग पूरी होने के बाद किसी भी सड़क के निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण या नवीनीकरण जैसे कार्यों की स्वीकृति के लिए रोड कोड अनिवार्य होगा। इससे कार्यों का बेहतर नियोजन, धन का उचित आवंटन और सड़क परिसंपत्तियों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित होगा। साथ ही किसी सड़क पर दो विभागों की ओर से अलग-अलग स्वीकृति जारी होने की संभावना भी समाप्त हो जाएगी।

अपर जिलाधिकारी ने सभी निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों को लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित एसओपी के अनुसार विश्वकर्मा पोर्टल पर जियो मैपिंग का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, उत्तर प्रदेश जल निगम, प्रयागराज विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिशासी एवं सहायक अभियंता तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निकली जागरूकता रैली एवं नामांकन कार्यक्रम का आयोजन

**विद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं : सुमन मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव**

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सोरांव प्रयागराज में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत नामांकन एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक बालक एवं बालिका का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा विद्यालय से बाहर एवं ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। हम सभी का सामूहिक दायित्व है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। आइए हम सब मिलकर प्रत्येक बच्चे को विद्यालय तक पहुँचाने का संकल्प लें और स्कूल चलो अभियान को जन - आंदोलन बनाएँ।तत्पश्चात बी ई ओ सोरांव सुमन मिश्रा ने स्कूल चलो अभियान की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली बीआरसी परिसर से प्रारंभ होकर स्थानीय चौराहे तक निकाली गई। रैली में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से जन - जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए तथा हर बच्चा स्कूल जाए, हर बच्चा आगे बढ़े का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। कार्यक्रम में एआरपी रीता शर्मा, विपिन पांडेय, अखिलेश शुक्ला, संतलाल चौरसिया एवं अभिनव उपाध्याय सहित समस्त प्रधानाध्यापक, शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षा मित्र, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अभियान को सफल बनाने में अमरीश शुक्ला, अनुराग तिवारी, बृजेश यादव एवं रजनीश का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर अभिभावकों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित विभिन्न शासकीय सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने घर-घर संपर्क कर प्रत्येक बच्चे को विद्यालय तक पहुँचाने तथा शिक्षा को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम का समापन कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे के संकल्प के साथ हुआ। बी ई ओ सोरांव ने कहा की हर बच्चा शिक्षित हो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। और कहा की आज के बच्चे ही कल भविष्य होंगे।

## नैनी के टीसीआई चौराहे पर चौड़ीकरण अभियान बुलडोजर से दुकानें और मकान ध्वस्त



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के महेवा स्थित टीसीआई चौराहे पर बुधवार सुबह प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण अभियान के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर कई दुकानों और मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान कई व्यापारियों का सामान भी मलबे में दब गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अभियान शुरू होने से पहले पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए खान चौराहे से राजपूत ढाबे तक सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात भी रोक दिया गया। पीडीए अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित व्यापारियों को सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य के लिए काफी पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे। अधिकारियों के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की गई है। कार्रवाई समाप्त होने के बाद प्रभावित व्यापारी अपने टूटे हुए मकानों और दुकानों के मलबे से घरेलू सामान, आवश्यक दस्तावेज और अन्य सामग्री निकालते दिखाई दिए। इस दौरान कई व्यापारियों ने अपनी आजीविका और हुए नुकसान को लेकर चिंता व्यक्त की।

## सेवानिवृत्ति समारोह प्रो. मंजूलता को दी गई भावभीनी विदाई

**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्या प्रो. मंजू लता के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रो. शशि कपूर के संरक्षण एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रो. मंजू देवी को पुष्पगुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण कर व मोमेंटो इत्यादि भेंट कर उनका भव्य सम्मान किया। प्रो. ओम प्रकाश ने प्रो. मंजु लता को अंगवस्त्रम और मोमेंटो भेट कर उनका सम्मान किया। भावुक क्षण में विभिन्न प्राध्यापकों ने प्रो. मंजूलता के साथ बिताए गए सेवाकाल के अपने संस्मरण और अनुभवों को साझा किया। विदाई के इस पड़ाव पर प्रो. मंजू लता स्वयं भी बेहद भावुक हो गईं। उन्होंने अपने लंबे जीवनकाल के शिक्षण कार्यों की आख्या (विवरण) प्रस्तुत करते हुए सहकर्मियों और छात्र-छात्राओं से मिले स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश ने प्रो. मंजू लता की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास और संस्कृत विभाग को ऊंचाइयों पर ले जाने में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनकी समर्पित सेवा हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।इस विशेष अवसर पर विदाई ले रहीं प्रो. मंजू लता के सम्मान में उनके परिवार से उनके पति और सुपुत्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. जयराम त्रिपाठी द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो भास्कर शुक्ल द्वारा किया गया। समारोह में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने उनके सुखद एवं दीघार्यु भविष्य की कामना की।

## राजकीय महिला पॉलीटेक्निक परिसर में 12 पेड़ों की 20 जुलाई को होगी नीलामी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रसूलाबाद रोड स्थित राजकीय महिला पॉलीटेक्निक परिसर में टाटा टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस सेंटर के निर्माण के लिए चिह्नित स्थल पर बाधक बने 12 पेड़ों की नीलामी 20 जुलाई को कराई जाएगी। नीलामी सुबह 11:30 बजे संस्थान परिसर में होगी।

प्रधानाचार्य की ओर से जारी सूचना के अनुसार नीलामी में पांच हरे एवं एक सूखे यूकेलिप्टस, तीन नीम, दो सिरस और एक चिलबिल के पेड़ शामिल हैं। टाटा टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस सेंटर के निर्माण कार्य के लिए इन पेड़ों को हटाया जाना प्रस्तावित है।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाताओं को निर्धारित तिथि और समय पर मूल आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र के साथ स्वप्रमाणित फोटो लेकर उपस्थित होना होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को दो हजार रुपये की धरोहर राशि नकद जमा करनी होगी, जिसे नीलामी प्रक्रिया पूरी होने के बाद वापस कर दिया जाएगा। सफल बोलीदाता को स्वीकृति मिलने के बाद निर्धारित धनराशि संस्थान के कार्यालय में नकद जमा करनी होगी।

नीलामी प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी राजकीय महिला पॉलीटेक्निक के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## मनकामेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद राष्ट्रीय परशुराम सेना ने चलाया वृक्षारोपण अभियान



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पंडित शिवदत्त शुक्ल ने अपनी पत्नी माधुरी शुक्ल के साथ बारा क्षेत्र के लालापुर स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ ग्राम नेवढ़िया पहाड़ में वृक्षारोपण अभियान चलाकर पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श समाज सेवा और प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा देते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम में कौशांबी जिलाध्यक्ष सतीश शुक्ल, यमुनापार अध्यक्ष अरविंद नारायण पांडेय, उदित शुक्ल, सूरज शुक्ल तथा ग्राम प्रधान माद्री शुक्ल सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्राम प्रधान माद्री शुक्ल ने संगठन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान गांव में हरियाली बढ़ाने के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## नगर क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान रैली सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** बुधवार को नगर संसाधन कार्यालय सीपीआई, नगर क्षेत्र प्रयागराज में स्कूल चलो अभियान रैली नामांकन बढ़ाने एवं अभिभावकों को जागरूक करने हेतु निकालवाई गई। रैली का शुभारंभ जिला वित्त एवं लेखाधिकारी श्रीमती नीतू यादव जी, जी जीआईसी की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम मिश्रा जी एवं नगर खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह जी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर के किया गया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र के समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं जीजीआईसी विद्यालय के शिक्षिकाएं, बच्चे और आदर्श सीपीआई के बच्चे उपस्थित थे । नारों से वातावरण गुंजायमान था। यह रैली सीपीआई परिसर से निकल कर मेडिकल चौराहे तक गई, जहां साक्षरता नामांकन से संबंधित नारे लगाए गए। आदर्श एलनगंज की गाइड बच्चियों द्वारा ड्रम बजाते हुए रैली तख्तियों और उद्घोष के माध्यम से निकाली गई। खंड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत व स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रकट किया गया। इसके पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की बैठक ली गई, जिसमें नामांकन बढ़ाने हेतु एवं कक्षा पांच पास बच्चों को छः में नामांकन व कक्षा आठ पास बच्चों का कक्षा नौ में नामांकन सुनिश्चित करने , निपुण तालिका से बच्चों का अभ्यास एवं सभी विद्यालय रजिस्टर को अपडेट करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर एआरपी मनोज पांडे, अनुरागिनी सिंह, दीप्ती श्रीवास्तव, रंजनालाल, वसुबन्धु सिह , राजीव निषाद, राशिद मुहम्मद, शिवानी, ज्योति जायसवाल ,सरिता, कल्याणी कुशवाहा , मीनाक्षी, मंजू, अंजली चौधरी, बबीता कैथवास समेत शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## नैनी में युवक से मारपीट मुकदमा दर्ज

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के सूयाभीट अरैल निवासी एक युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नैनी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार सूयाभीट निवासी सोनू भारतीया ने बताया कि 13 जुलाई की रात लगभग 11 बजे उनका भाई शब्बू भारतीया घर के बाहर सड़क किनारे लघुशंका के लिए गया था। इसी दौरान गांव का ही कुछ युवक वहां पहुंच कर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसके बाद उसने लोहे की रॉड और लाठी से शब्बू भारतीया पर हमला कर दिया जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने नैनी थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जीवन के विशेष क्षणों को जरूरत मंदों के साथ साझा करने से मिलती है खुशी : अनुराग पांडेय

**मेजा के खारा विरतिया स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने स्कूल के बच्चों के बीच केक काटकर मनाया स्वयं का जन्मदिन बांटे उपहार**

अखंड भारत संदेश


स्वयं के जन्मदिन पर स्कूल के बच्चों के बीच के बीच केके काटकर खुशियां साझा करते अनुराग पांडेय

**मेजा।** प्राथमिक विद्यालय खारा बिरतिया के प्रधानाध्यापक एवं अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज के अध्यक्ष अनुराग पांडेय ने बुधवार को स्वयं का जन्मदिन विद्यालय के बच्चों के बीच बेहद उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के सैकड़ों बच्चों के साथ केक काटा और बच्चों को बतौर गिफ्ट कॉपी, पेंसिल,रबर,पानी की बोतल सहित अन्य उपयोगी शैक्षिक सामग्री वितरित कर उन्हें मिष्ठान भी खिलाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा और बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी सभी ने अपने प्रधानाध्यापक को जन्मदिन की बधाई और उनकी लम्बी उम्र की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि इस मौके पर स्कूल के बच्चों के बीच स्वयं के जन्म दिन को बेहद खास बनाने वाले शिक्षक अनुराग पांडेय ने कहा कि सच्ची खुशी तभी मिलती है जब हम अपने विशेष क्षणों को जरूरतमंदों के साथ साझा करते हैं। उन्होंने स्कूल के बच्चों को अपने ₹बगीचे का फूल₹ बताते हुए कहा कि यही बच्चे भविष्य की पहचान और समाज की असली ताकत हैं।

## मेजारोड में आज निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा तैयारियां पूरी

**मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित होगा यह भव्य धार्मिक आयोजन**





**मेजा।** मेजारोड के पांती गांव स्थित मानस प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी जिसको लेकर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उक्त आशय जानकारी समिति के अध्यक्ष इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय ने दी। उन्होंने क्षेत्र वासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में रथ यात्रा में शामिल होने और भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यात्रा को भव्य एवं श्रद्धामय बनाने के लिए समिति के सक्रिय सदस्यों द्वारा सभी तैयारिया पूरी कर ली गई हैं।समिति ने सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित समय पर मेजारोड, पांती गांव पहुंचकर रथ यात्रा में सहभागिता निभाने की अपील किया है।

## शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की होती है आधारशिला : बीईओ कैलाश सिंह

**स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत बीआरसी मेजा में बैंडबाजे के साथ निकाली गई जनजागरूकता रैली,बीईओ मेजा और प्रा.शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**मेजा।** उत्तर प्रदेश सरकार के ₹स्कूल चलो अभियान₹ के द्वितीय चरण के अंतर्गत विकास खंड मेजा में शिक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेजा प्रथम एवं कंपोजिट विद्यालय मेजा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोगों को प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में दाखिला कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने का स्काउट बैंड के साथ संदेश दिया।रैली का शुभारंभ ब्लॉक संसाधन केंद्र मेजा से हुआ, जिसे खंड शिक्षाधिकारी कैलाश सिंह एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मेजा के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभी बच्चों के हाथों में शिक्षा जागरूकता से जुड़े आकर्षक स्लोगन लिखी तख्तियां रही। छात्र-छात्राएं ₹सब पढ़ें, सब बढ़ें₹, ₹हर बच्चा स्कूल जाए, शिक्षा का अधिकार पाए₹ तथा ₹कोई बच्चा छूटे नहीं, विद्यालय से टूटे नहीं₹ जैसे नारों के माध्यम से अभिभावकों और आमजन को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहे थे। रैली ब्लॉक संसाधन केंद्र से प्रारंभ होकर मेजा बाजार के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए एसडीएम कार्यालय के समीप पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान मार्ग में व्यापारियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अभियान की प्रशंसा की।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। ऐसे में समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने के कहा कि परिषदीय विद्यालयों में आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, स्मार्ट कक्षाएं, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर, बैग, मध्यान्ह भोजन तथा अन्य अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन निकटतम परिषदीय विद्यालय में अवश्य कराने और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की अपील करते हुए श्री सिंह ने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला होती है और प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना हम सभी की नैतिक और सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक जन आंदोलन है। शिक्षक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक कर रहे हैं ताकि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से शत-प्रतिशत नामांकन और

नियमित उपस्थिति का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा। रैली में शिक्षक,शिक्षिकाएं, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्यालयों के छात्र - छात्राएं तथा बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के प्रति उत्साह और जन सहभागिता का वातावरण देखने को मिला। इस मौके पर मंत्री हसीब सिद्दीकी, कमला शंकर यादव,बीके मिश्र, बालेंद्र गौतम, रोहित सिंह, शिवजी गोस्वामी, अशोक सिंह, संगीता चौधरी, आफताब आलम, राजकुमार, सर्वेश त्रिपाठी, मयंक मिश्रा, अशोक कुमार तथा विकास कुमार आदि के अलावा बड़ी संख्या में कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


बीआरसी मेजा में आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीईओ मेजा कैलाश सिंह

# किसान दिवस में सीडीओ ने सुनी समस्याएं, त्वरित समाधान के दिये निर्देश

## किसानों की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : मुख्य विकास अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश पर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, विद्युत तथा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक का शुभारंभ उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों, किसान संगठनों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए किसान दिवस के उद्देश्य की जानकारी दी। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से खुलकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने का आग्रह किया। बैठक में ग्राम हैंसी (विकास खण्ड मान्धाता) के किसान सुधीर प्रताप सिंह ने विश्वनाथगंज पशु चिकित्सालय से पशुओं के लिए हरा चारा उपलब्ध न होने की समस्या रखी। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी किसान ने अपने 10 बिस्वा तालाब के लिए मत्स्य बीज उपलब्ध कराने की मांग भी की, जिस पर कार्यकारी मत्स्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम सरखेलपुर (विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम) की नजीरूल निशा ने 10 केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर विद्युत कनेक्शन दिलाने की मांग की। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत को मौके का सत्यापन कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं ग्राम पुर्बिया पट्टी (विकास खण्ड सदर) के किसान सरोज कुमार सिंह ने बताया कि उनका किसान पंजीकरण त्रुटिवश



विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ में दर्ज हो गया है, जिसके कारण उन्हें समय पर बीज एवं अन्य कृषि सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर उप कृषि निदेशक ने उन्हें आवश्यक अभिलेखों के साथ कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने को कहा तथा समस्या के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना ने कहा कि किसानों एवं आमजन की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उप कृषि निदेशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं, कृषि निवेशों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, उद्यान, सहकारिता, सिंचाई, मत्स्य, पशुपालन, दुग्ध विकास एवं अन्य कृषि हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर, कार्यकारी मत्स्य अधिकारी, खाद्य विपणन अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक (बैंक ऑफ बड़ौदा), सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, अधिशासी अभियंता विद्युत, सिंचाई एवं लघु सिंचाई, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जिला प्रबंधक, इफको के क्षेत्रीय प्रभारी, दुग्ध विकास विभाग के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# विद्युत व्यवस्था की समीक्षा कर समाधान के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** कुंडा एवं बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को अधिक सुदृढ़ एवं जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कुंडा में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव ने अधीक्षण अभियंता की उपस्थिति में क्षेत्र के सभी उपखंड अधिकारियों एवं अवर अभियंताओं के साथ विद्युत व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में लंबित विद्युत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए, ताकि आम जनता को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सके। बैठक के दौरान उन्होंने कुंडा विधानसभा क्षेत्र के कुंडा एवं बिहार विकासखंड की 66 ग्राम पंचायतों में विद्युतीकरण कार्यों को गति देने के लिए लगभग 2



करोड़ रुपये विधायक निधि से उपलब्ध कराने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत अधोसंरचना को और मजबूत किया जाएगा तथा लोगों को बेहतर बिजली सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि सभी विकास कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को विद्युत संबंधी समस्याओं से जल्द राहत मिल सके।

### बाघराय सीएचसी का किया निरीक्षण

कुंडा। विधायक प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बाघराय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिनेश सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डब्बू सिंह, प्रमुखपति रामचन्द्र सरोज, इन्द्रदेव पटेल, अनीश यादव, भीम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर नकली सामान मिलने पर संचालक पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** नगर के मुख्य मार्ग पर स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) के समीप स्थित मिश्रा इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर सोमवार को कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधियों और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान उषा और प्रेस्टीज ब्रांड के नाम से कथित रूप से बेचे जा रहे बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बरामद किए गए। मामले में पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम, ट्रेडमार्क अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंपनी के लीगल एडवाइजर एवं अधिकृत प्रतिनिधि प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मिश्रा इलेक्ट्रॉनिक्स पर उषा और प्रेस्टीज ब्रांड के नाम से कथित नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस के साथ सोमवार शाम दुकान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दुकान से 35 इलेक्ट्रिक केतली और 30 मिक्सर ग्राइंडर बरामद किए गए, जिन पर उषा और प्रेस्टीज ब्रांड अंकित था। कंपनी के प्रतिनिधियों ने प्रथम दृष्टया इन उत्पादों को कथित रूप से नकली बताते हुए पुलिस की मौजूदगी में उन्हें कब्जे में लिया। इसके बाद बरामद सामान को कंपनी के प्रतिनिधियों और पुलिसकर्मियों के साथ कोतवाली लाया गया। छापेमारी की सूचना मिलते ही दुकान के बाहर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और कार्रवाई को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा होती रही। प्रभात कुमार गुप्ता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मनीष मिश्रा निवासी जामताली के विरुद्ध कॉपीराइट अधिनियम की धारा 63 एवं 65, ट्रेडमार्क अधिनियम की धारा 103 एवं 104 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि बरामद सामान की विधिक और तकनीकी जांच कराई जाएगी। जांच में यदि उत्पाद नकली पाए जाते हैं तो संबंधित धाराओं के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# उप निरीक्षक पद पर चयनित होकर क्षेत्र का बढ़ाया मान





**लालगंज।** उप निरीक्षक पद पर चयनित होकर मेधावियों ने क्षेत्र व जनपद का मान बढ़ाया है। नगर पंचायत लालगंज के शीतलमऊ जलेशरगंज लालगंज अझारा मार्ग निवासी चंद्रभूषण मिश्र के पुत्र शेखर मिश्र ने उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक पद पर चयनित होकर क्षेत्र व जिले का मान बढ़ाया है। मेधावी शेखर मिश्र के पिता लालगंज में साइकिल का कारोबार करते हैं। बेटे के चयन पर परिवार के सदस्यों समेत क्षेत्र के लोग गदगद हैं। कस्बे के श्रीशचंद्र पाण्डेय, उमेश मिश्र, विनय शंकर ओझा, रामकिशुन पाण्डेय, रोहित माली, लोकेश, विशाल, दारा सिंह आदि ने खुशी जतायी है। वहीं लालगंज के नया पुरवा गौखाड़ी निवासी हरिशंकर जायसवाल की सुपुत्री स्वाती जायसवाल ने भी उप निरीक्षक पद पर सफलता हासिल की है। स्वाती के चयन पर परिवार के लोग गदगद हैं। स्वाती ने इससे पूर्व बीते वर्ष हेड कांस्टेबल पद पर सफलता हासिल कर चुकी हैं। उसके दरोगा बनने की सफलता पर क्षेत्र के पवन वैश्य, यमुना प्रसाद यादव आदि ने खुशी जतायी है।

## मेड़ बांधने के विवाद में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में खेत की मेड़ बांधने के विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जगदीशपुर गांव निवासी गंगा प्रसाद पुत्र राम शिरोमणि ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 14 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे वह अपने धान के खेत पर थे। इसी दौरान गांव के राजकुमार, सूर्य प्रकाश, सरजू प्रसाद और सत्यम यादव लाठी-डंडा लेकर पहुंचे और खेत में मेड़ बांधने लगे। विरोध करने पर चारों ने गाली-गलौज करते हुए उनकी पिटाई कर दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोप है कि घटना के दौरान गांव के लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने। जाते समय उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने किया जर्जर सड़कों के मरम्मत की मांग

**पट्टी।** विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र में कई ग्रामीण संपर्क मार्गों की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। उड़ैयाडीह-रानीगंज मुख्य मार्ग से सांगा पट्टी गांव को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर डामर और गिट्टी लगभग खत्म हो चुकी है तथा जगह-जगह केवल पत्थर ही दिखाई दे रहे हैं, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी तरह असुढ़ी गांव से डंडवा महोखरी गांव को जोड़ने वाली सड़क भी जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बरसात के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन बाइक सवार फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। इस संबंध में सर्व जनहित पार्टी के प्रदेश प्रभारी प्रवीण कुमार मिश्र, चंडिका प्रसाद गौतम, पवन पांडे, धनेश शुक्ला और अंगद पाठक समेत अन्य पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए दोनों सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जर्जर सड़कें हादसों को खुला निमंत्रण दे रही हैं और यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ओ.पी. चैरसिया ने बताया कि मामला उनके



संज्ञान में है और जल्द ही संबंधित सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कराया जाएगा।

# शिक्षकों ने आयोजित किया सम्मान समारोह



**लालगंज।** सांगीपुर मे पांच वर्ष का लंबा और निर्विवाद कार्यकाल पूरा कर चुके खंड शिक्षा अधिकारी जंगीलाल मौर्य को हाल ही जौनपुर के डायट वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पदोन्नति प्रदान की गई है। उनके स्थान पर ओम नारायण सिंह को सांगीपुर का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। सांगीपुर के लखनपुर सूर स्थित चंद्रशेखर मिश्र इंटर कालेज के प्रांगण में मंगलवार को स्थानीय शिक्षकों द्वारा उनके सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक नेता संतोष तिवारी की अगुवाई में शिक्षकगणों ने पुराने एबीएसए जंगीलाल मौर्य नवागत एबीएसए ओम नारायण सिंह को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, अंकुर सिंह,गुड्डू सिंह, शैलेंद्र सिंह, मनोज मौर्य, धीरज सिंह, राहुल मिश्र, सतीश दुवे, सच्चिदानंद दुवे, सम्पूणानंद मिश्र, अजय मिश्र, रमेश मिश्र, विनोद यादव, शिवकुमार सरोज, संतराम, विनोद श्रीवास्तव, रणवीर सिंह,संगम लाल मिश्र, अशोक कुमार यादव, अतुल कुमार,संतोष कुमार तिवारी, मौजूद रहे।

## घायल मिला सारस, इलाज के लिए ले गये वनकर्मी

**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लालगंज की ग्राम पंचायत रंगौली में सोमवार को एक खेत में घायल सारस के मिलने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम इलाज के लिए उसे साथ ले आयी। घायल सारस की हालत अब खतरे से बाहर बतायी जा रही है। रंगौली ग्राम प्रधान दिनेश सिंह ने सारस को घायल अवस्था में खेत में पड़े देखा तो इसकी सूचना वन विभाग में दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी रेस्क्यू कर घायल सारस को इलाज के लिए साथ ले गये। वन क्षेत्राधिकारी प्रेमचंद्र मिश्र ने बताया कि घायल सारस का इलाज चल रहा है। उसके पैर में चोट लगी है, सारस की हालत अब खतरे से बाहर है।

# सार्वजनिक विकास तथा जन जन की आवश्यकता पर सदैव खरे उतरे हैं प्रमोद तिवारी : तनुज पुनिया

**प्रतापगढ़।** सांसद एवं उ0प्र0 कांग्रेस अनुसूचित जाति जन जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पुनिया ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को सार्वजनिक विकास तथा जन जन की आकांक्षाओं की आवश्यकता पर सबसे खरा व्यक्तित्व ठहराया है। उन्होने कहा कि प्रमोद तिवारी ने विधायक तथा सांसद के रूप में जन प्रतिनिधित्व का भारतीय लोकतंत्र को प्रेरक माडल प्रदान कर रखा है। सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर एक दिन पहले यहां लालगंज स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के प्रांगण में सदभावना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि रामपुरखास मे स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा, लघु उद्योग, सुरक्षा के बेहतर प्रबन्ध यह साबित करते हैं कि प्रमोद तिवारी ने जनता की हर जरूरत को ध्यान से समझा और उसे पूरा किया। उन्होने क्षेत्रीय विधायक आराधना



मिश्रा मोना के भी विधानसभा में मजबूत प्रतिनिधित्व की जमकर सराहना की। सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर धूमधाम से हुए सदभावना सभा का शुभारंभ मुख्य अतिथि तनुज पुनिया व विधायक मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने मां सरस्वती तथा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होने महाविद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौध भी रोपित किये। वहीं लालगंज चैक पर इन्दिरा गांधी तथा सलेम भदारी वार्ड में बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर भी सांसद तनुज पुनिया ने माल्यार्पण किया। आयोजन में कार्यकताओं व प्रशंसको तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की ओर से राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना हुई। मुख्य अतिथि सांसद तनुज पुनिया ने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर अतिथियो के साथ सह संयोजक पवन शुक्ल द्वारा विशेष रूप से बनवाए गए केक काटकर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के सेवा संकल्प की ईश्वर से मजबूती की प्रार्थना की। कार्यक्रम में सांसद तनुज पुनिया ने संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल द्वारा लिखी गयी पुस्तिका स्वर्णिम नेतृत्व का उल्लास, प्रमोद जी का प्रकाश का भी समारोहपूर्वक विमोचन किया। विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी रहे। आयोजन समिति द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ऋचासुकुमार, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज एवं सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू की संयुक्त अगुवाई में सांसद तनुज पुनिया को बाबा घुइसरनाथ जी की मनमोहक चित्र तथा अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं डॉ0 नीरज त्रिपाठी व पीसीसी सदस्य प्रशांत शुक्ल का भी आयोजन में सम्मान हुआ दिखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया। संयोजन आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संचालन सह संयोजक विकास मिश्र ने किया। स्वागत भाषण जिपंस लालजी यादव एवं आभार प्रदर्शन पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव ने किया। कार्यक्रम में विभवभूषण शुक्ल, महेन्द्र सिंह, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, अनिल तिवारी, सुधाकर पाण्डेय, पप्पू तिवारी ने भी प्रमोद तिवारी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर इं. सुनील पाण्डेय, डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, डॉ0 ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, श्रीराम वर्मा, रवीन्द्र मिश्र, प्रकाशचंद्र मिश्र, डॉ0 अनुज नागेन्द्र, त्रिभु तिवारी, इं. अभिनव शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

# न्यूज झरोखा

## जमीनी विवाद में युवती से मारपीट

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के डंडवा महोखरी गांव में जमीन के विवाद को लेकर एक युवती से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने चाचा और उनकी बहू पर मारपीट करने तथा खेत की जुताई रुकवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी रेखा पुत्री नन्नू यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम वह ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसके चाचा और उनकी बहू मौके पर पहुंच गए और जुताई का विरोध करने लगे। कहासुनी बढ़ने पर चाचा की बहू ने उसे चप्पलों, लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। पीड़िता का आरोप है कि उसके चाचा भी मारपीट में शामिल हो गए। विरोध और मारपीट के चलते खेत की जुताई नहीं हो सकी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। घटना के बाद पीड़िता ने बुधवार काके कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उपनिरीक्षक कमलेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 96 हजार 666 रुपये, जांच में जुटी पुलिस

**पट्टी।** बेलखरनाथ धाम विकास खंड के सांगा पट्टी गांव निवासी अनिल कुमार त्रिपाठी साइबर ठगी का शिकार हो गए। आरोप है कि साइबर हैकर्स ने उनका मोबाइल हैक कर बैंक खाते से करीब 96 हजार 666 रुपये उड़ा दिए। पीड़ित अनिल कुमार त्रिपाठी के अनुसार, 8 जुलाई की शाम उनके मोबाइल से संदिग्ध गतिविधि हुई। इसके बाद साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से दो अलग-अलग ट्रांजैक्शन में पहले 50 हजार रुपये और फिर 46 हजार 666 रुपये निकाल लिए। बैंक से मोबाइल पर ट्रांजैक्शन का संदेश आने के बाद उन्हें ठगी की जानकारी हुई। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पीड़ित ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते हुए मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की मांग की। मामले में हल्का दरोगा कमलेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर शिकायत की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म व अपहरण के दो वांछित धराये, गए जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म एवं अपहरण के अलग अलग मुकदमों में वांछित चल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक रामनरेश ने बुधवार को पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान दुष्कर्म के मुकदमे के वांछित शिवम मिश्र पुत्र राजकुमार मिश्र निवासी जनवामऊ लोहारन का पुरवा को महिमापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया। वहीं उप निरीक्षक दीपक कुमार ने पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान अपहरण के वांछित जलेसरगंज निवासी शिवांशु उर्फ अंश पुत्र बेनी प्रसाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहृत पीड़िता की बरामदगी की है। गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियो को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## अलग अलग मुकदमों में दो वांछित धराए, गए जेल

**प्रतापगढ़।** अलग अलग मुकदमों में वांछित चल रहे दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा मिथलेश चैरसिया ने वांछित राजू वर्मा पुत्र राम सांवरे निवासी गनेश का पुरवा भदारीकला को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। वही उदयपुर थाने के दरोगा संजय यादव ने वांछित सुधीर शर्मा पुत्र रामसेवक निवासी राहाटीकर को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।

## रंजिश में हुई मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के दलापटटी निवासी कल्लू वर्मा पुत्र स्व0 शंकर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह जुलाई को आठ बजे वह दुकान पर सामान लेने गया था। पीड़ित का आरोप है कि वहां मौजूद गांव के बॉबी सरोज व विपिन सरोज पुत्रगण पप्पू सरोज गाली देने लगे। पीड़ित के मना करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जमीनी रंजिश में की मारपीट, महिला पर केस


**प्रतापगढ़।** जमीन की रंजिश को लेकर महिला व उसके पति के साथ मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के करमाइन हनुमानपुर गांव की प्रेमा देवी पत्नी श्यामलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह जुलाई को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे छत्तू हाता स्थित अपने खेत में धान की रोपाई करने जा रही थी। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच गांव की रेखा देवी पत्नी उमेश जमीन की रंजिश को लेकर पीड़िता को मारने पीटने लगे। बचाव में पहुंचे पीड़िता के पति तथा दूधनाथ पुत्र रामआसरे को भी आरोपी रेखा ने मारापीटा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते भाग निकली। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लव जिहाद का फिर आया मामला हिंदू लड़की को भगा ले गया मुस्लिम युवक

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र से एक लव जिहाद का मामला फिर आया है हिंदू नाबालिक बालिका उम्र 16 वर्ष को एक मुस्लिम युवक बहला फुसला कर नाबालिक बालिका से शादी करने का वादा करके 12 जुलाई को भगा ले गया है जब बालिका के माता-पिता ने आरोपी युवक के परिवार से इस बात का उलाहना दिया तो आरोपी युवक की अम्मी बहन बहनोई सहित 10 लोगों ने बालिका के परिवार के लोगों को गाली गलौज करते हुए हमला बोल दिया है जिससे अयोध्या प्रसाद को गंभीर चोटे आई हैं बालिका को भगाने के बाद मारपीट के इस गंभीर मामले में पुलिस ने 10 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है जानकारी के मुताबिक बीते कई महीने से बालिका से युवक फोन पर बातचीत कर उससे शादी करने के लिए लगातार समझा बुझा रहा था जिससे एक दूसरे के लगातार संपर्क में दोनों बने थे बालिका को भगा ले जाने के बाद 3 दिन बीत जाने के बाद अभी तक नाबालिग बालिका का सुराग नहीं लगा है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी युवक की तलाश कर रही है बालिका को भगाने वाले युवक का नाम अरमान बताया जाता है बालिका का पिता जब आरोपी युवक अरमान के घर जाकर बालिका को वापस करने की बात करने लगे तो अरमान के भाई बहन बहनोई आदि लोगों ने बालिका के परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा गाली गलौज मारपीट कर धक्का मार के भगा दिया है जिससे अयोध्या प्रसाद को गंभीर चोटे आई हैं लव जिहाद पर योगी सरकार के सख्त कानून बनाए जाने के बाद लव जिहाद की घटनाओं पर रोक नहीं लग रही है हिंदू नाबालिक बालिका को भगा ले जाने वाला मुस्लिम युवक अरमान और उसके परिवार का लंबा अपराधिक इतिहास है अरमान के परिवार के लोग पुलिस टीम पर भी हमला कर चुके हैं इस परिवार के कारनामे से पुलिस भी भयभीत रहती है हालांकि उनके विरुद्ध कई मुकदमे पुलिस थानों में दर्ज है यह परिवार संगठित आपराधिक घटनाओं में भी शामिल है इस परिवार की गतिविधियां हमेशा संदेह के घेरे में रहती है यदि इस परिवार के मोबाइल को सर्विलांस में लगाकर उनकी कॉल डिटेल निकाली जाए तो तमाम चौंकाने वाले कारनामों का खुलासा होगा पीड़ित परिवार ने बालिका को बरामद करने और आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग पुलिस अधिकारियों से की है मामले में पुलिस ने आरोपी युवक समेत उसके बहन बहनोई अम्मी समेत पांच लोगों को नामजद करते हुए 5 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है

## पुलिस ने आरोपी युवक समेत दस लोगों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा, विरोध करने पर बालिका के परिजनों पर हमला




## न्यूज झरोखा

### डीएम ने बट बंधुरी रसूलीपुर माइनर का स्थलीय निरीक्षण कर नहर संचालन की स्थिति का लिया जायजा



**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने बुधवार को बट बंधुरी रसूलीपुर माइनर का स्थलीय निरीक्षण कर नहर संचालन की स्थिति का जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान माइनर में पानी का प्रवाह न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता,सिंचाई को दूरभाष पर निर्देशित किया कि रोस्टर के अनुसार नहरों का नियमित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए,ताकि किसानों को सिंचाई के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता,लघु सिंचाई एवं परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए.को निर्देशित किया कि संयुक्त रूप से बट बंधुरी रसूलीपुर माइनर के संचालन का स्थलीय सत्यापन कर विस्तृत आख्या उपलब्ध कराएं।

### खेत में लगे इंजन का आधा सामान उठा ले गए चोर



**महेवा घाट कौशांबी** महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव निवासी विनय तिवारी पुत्र गंगा प्रसाद तिवारी के खेत में लगे सिंचाई के इंजन का आधा सामान 14 जुलाई की रात में कुछ लोगों ने चोरी कर के उठा ले गए है दूसरे दिन सुबह 15 जुलाई को जब किसान विनय तिवारी अपने भाई राजू के साथ खेत पड़ गए तो देखा कि उनके इंजन का आधा सामान चोरी हो गया था इंजन का जितना सामान खोल कर ले जाने लायक था चोर उठा ले गए इंजन की बॉडी चेचिस भारी थी जिसके चलते इंजन की बॉडी चेचिस चोर नहीं ले जा सके हैं मौके पर इंजन की बॉडी चेचिस पड़ी हुई है और इंजन का सामान गायब है चोरी के मामले की जानकारी मिलते ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए हैं विनय तिवारी ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है कुछ लोगों पर पुलिस को आशंका है जिनकी तलाश पुलिस कर रही है

### कौशल ही युवाओं की असली ताकत, विकसित भारत की मजबूत नींवः वीरेंद्र सरोज 'फौजी'

**कौशाम्बी।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), मंझनपुर में विशेष संगोष्ठी एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज 'फौजी' मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कौशल ही युवाओं की सबसे बड़ी पूंजी है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में कुशल युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन वीरेंद्र सरोज 'फौजी' ने आईटीआई के प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किए गए तकनीकी मॉडल, मशीनों और नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए कहा कि आज का युवा अपनी योग्यता और कौशल के दम पर देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की क्षमता रखता है।इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कौशल विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी गई है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा कौशल संपन्न और आत्मनिर्भर बनेगा।कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता विजय तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मायके में आत्महत्या करने वाली विवाहिता का ससुर गिरफ्तार, पति सास व देवर हुए फरार



अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी की शैफाली ने पति सास ससुर देवर की प्रताड़ना से पीड़ित होकर के शादी के 2 महीने में ही अपने मायके भरवारी में आत्महत्या कर लिया था मौत के पहले विवाहिता ने 28 पन्ने का सुसाइड नोट छोड़ा था जिसमें उन्होंने पति सास ससुर देवर पर दहेज मांगने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था विवाहिता की मौत के बाद पुलिस ने उसके ससुर कमल केसरवानी निवासी फाफामऊ प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया है मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने ससुर कमल केसरवानी को अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है विवाहिता की मौत के गुनहगार उसकी सास आशा देवी पति गोपाल केसरवानी और देवर अरुण केसरवानी की तलाश पुलिस सरगमी से कर रही है

## ऑनलाइन ठगी के शिकार युवक के खाते में लौटे 50 हजार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण प्रजापत के कुशल नेतृत्व और साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे प्रभावी अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। जनपद में साइबर अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसते हुए कौशाम्बी पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के शिकार एक युवक की 50 हजार की पूरी धनराशि एमआरएम पोर्टल के माध्यम से उसके बैंक खाते में वापस कराई।चरवा थाना क्षेत्र के विवेकानंद पुत्र मुनेश्वर प्रसाद ने 21 जून 2025 को यूपीआई के माध्यम से 50 हजार की ऑनलाइन ठगी की शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज कराई थी।पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में जनपदीय साइबर सेल और साइबर क्राइम थाना ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए जांच पूरी की। इसके बाद 15 जुलाई 2026 को पीड़ित के खाते में पूरी राशि वापस करा दी गई। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने कहा कि साइबर अपराधियों के विरुद्ध कौशाम्बी पुलिस लगातार सक्रिय है और प्रत्येक शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर बिना देर किए 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं,ताकि समय रहते धनराशि वापस कराई जा सके

# खेत की तरफ गए किसान की करंट से हुई मौत

## मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र में अपने खेत की तरफ जा रहे एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई,परिजनों को जैसे ही इसकी जानकारी हुई मौके पर पहुंचे और अस्पताल ले गए,जहा डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया,बुजुर्ग किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा गांव निवासी किसान लल्लू यादव उम्र लगभग 75 वर्ष बुधवार की सुबह अपने खेतों की तरफ गए थे। गांव के ही सिद्ध नाथ पांडेय के निजी नलकूप में बारिश की वजह से सीलन आ गई थी,जिसकी वजह से हाई टेंशन करंट उतर आया इस बात की जानकारी किसान को नहीं थी जैसे ही वह नलकूप की तरफ गए तो करंट की चपेट में आ गए। करंट से झुलसता देख स्थानीय लोगों ने विद्युत उपकेंद्र फोन कर लाइट कटाई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव और परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए इसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया,अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने शरीर की जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है



# हर दिल की धड़कन है प्रमोद तिवारी : गौरव पाण्डेय

## राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का चरवा में कांग्रेसियों ने मनाया जन्मदिन

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी** चायल विधानसभा अन्तर्गत नगर पंचायत चरवा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का जन्मदिन की पूर्व संध्या जरूरतमंदो के बीच केक काटकर फल मिठाई और अन्य जरूर की सामग्री वितरित कर उनका जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि आज हमारे नेता जो कि इतिहास में अजेय है उनके जन्मदिन जरूरतमंदो के बीच मनाया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की गई प्रमोद तिवारी उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि भारत की राजनीत के मजबूत माने जाते है रामपुर खास विधानसभा से लगातार नौ बार विधायक रहें है उन्होंने जनता की सेवा और पाटी को सदैव मजबूती प्रदान की है उनका कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व हम सभी के राजनीतिक सफर को आसान बनाता है वे हम सब के आदर्श है इसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अज़ीम ने कहा कि प्रमोद तिवारी के जन्मदिन के मौके पर हम सभी उन्हें अपनी मुबारकबाद पेश करते हैं वो हम सब के लिए प्रेरणा है उनकी राजनीतिक सफर और अनुभव से हमे बहुत कुछ सीखने व समझने की आवश्यकता है कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष तलत अज़ीम,जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय,रामसूरत रैदास उदय यादव, जिला नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी, महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, श्याम सिंह भदौरिया, जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल, रमेश यादव, सोसलमीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, नगर अध्यक्ष, चरवा निक्की पाण्डेय, संदीप कुमार, अवधेश कुमार, इंद्रपाल रैदास, बिफई लाल, छोटे लाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी, आर्यन त्रिपाठी, प्रियांशु त्रिपाठी, उमेश कुमार, पुष्पा कुमारी, रनिया देवी, बिट्टन देवी, रज्जन पासी, मुन्नू रैदास, बड़का रैदास, मोहम्मद माज, राजुला सेन, मोहम्मद नाजिम, मीना देवी, लालती देवी, नाथन लाल, रामदास राही सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तालाब पर अवैध कब्जे से जलनिकासी ठप, मुख्यमंत्री से कार्रवाई की गुहार

**कौशाम्बी** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम तिल्हापुर में राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में समाजसेवी शिवनरेश सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा जलनिकासी व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है।शिकायत के अनुसार ग्राम तिल्हापुर स्थित गाटा संख्या 1468 मि.,रकबा 1759 वर्ग मीटर राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है, लेकिन उस पर कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि कब्जे के कारण तालाब का प्राकृतिक स्वरूप समाप्त हो गया है, जिससे बरसात का पानी गांव से बाहर नहीं निकल पा रहा है और व्यापक जलभराव की समस्या पैदा हो गई है।समाजसेवी शिवनरेश सिंह का कहना है कि जलभराव के कारण ग्रामीणों को आवागमन, खेती-किसानी तथा जनस्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर तालाब की सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने, तालाब का पुनजीवन कराने तथा स्थायी जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके और सरकारी भूमि सुरक्षित रह सके।

# नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, करारी का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण




**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, करारी का बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस खड़ी पाए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर नियमानुसार नीलामी आदि की कार्यवाही कर निस्तारित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने ओ.पी.डी. रजिस्टर के अवलोकन के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ. शोएब अंसारी से प्रतिदिन ओ.पी.डी. की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने दवा वितरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सपर्दंश की घटनाओं के दृष्टिगत एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता हर समय सुनिश्चित रखी जाए,ताकि आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके जिलाधिकारी ने लैब कक्ष के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध जांच सुविधाओं एवं आज किए गए जांचों की जानकारी प्राप्त करते हुए चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक जांच सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित रहें एवं प्रत्येक मरीज को बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# होटल ढाबे मिठाई की दुकान के उत्पाद का मूल्य निर्धारण का किसको अधिकार

**कौशांबी** होटल ढाबे और मिठाई की दुकान में बिकने वाले सामानों के मूल्य निर्धारण का अधिकार किसके पास है या फिर होटल ढाबे और मिठाई की दुकानों का अपना खुद का कानून चल रहा है आम जनता इस बात का जवाब शासन प्रशासन से चाहती है बीते कुछ वर्षों के दौरान होटल ढाबा में खाने पीने के सामानों में मनमानी तरीके से मूल्य वृद्धि कर जनता की जेब में डाका डाला जा रहा है एक उदाहरण के तौर पर होटल ढाबा में एक प्लेट दाल फ्राई का एक सौ रुपए से डेढ़ सौ रुपए और 200 रुपए तक खुलेआम वसूला जा रहा है जबकि एक प्लेट में 100 ग्राम भी तैयार दाल मौजूद नहीं होती है आखिर होटल में दाल फ्राई के नाम पर 2000 किलो दाल बेचने वाले और इसी तरह दो हजार से तीन हजार रुपए किलो से अधिक कीमत पर सब्जी बेचने वाले होटल ढाबे का संचालन करने वाले लोगों को मनमानी तरीके से मूल्य निर्धारण का अधिकार क्या कानून में दिया गया है इससे भी बड़ा सवाल उठता है कि वह एक प्लेट सब्जी दाल में कितना वजन ग्राहक को परोस रहे हैं इसका भी बोर्ड लगाकर होटल ढाबे में प्रदर्शित नहीं किया गया है इससे होटल ढाबे में ग्राहक मनमानी कीमत देने को मजबूर हो गया है इसी तरह मिठाई की दुकानों में भी मनमानी तरीके से मिठाई दुकानदारों द्वारा मूल्य निर्धारण किया जा रहा है मेवा की मिठाई के नाम पर 1000 रुपए किलो से लेकर के 2000 रुपए किलो तक की मिठाई खुलेआम मिठाई की दुकानों में बेचा जाता है मूल्य निर्धारण होटल ढाबे दुकान संचालक खुद कर रहे हैं आखिर मिठाई की दुकान में बिकने वाली मिठाई के मूल्य निर्धारण का अधिकार सरकार ने किस विभाग को दिया है लोगों की बातों को माने तो मूल्य निर्धारण का अधिकार पूर्ति विभाग को सरकार ने दिया है लेकिन होटल ढाबे से लेकर मिठाई की दुकानों तक मनमानी कीमत पर खाने पीने की वस्तुओं को बेचने वाले होटल ढाबा और मिठाई की दुकानों पर कार्यवाही नहीं होती है मिठाई दुकानदारों और होटल ढाबों का खुद का कानून चलता है जब मजी हुई तो महंगाई का हवाला देकर मनमानी तरीके से कीमत बढ़ा दिया जाता है। दो दशक के बीच दाल वा सब्जी की कीमत में 20 गुना बढ़ोत्तरी होटल ढाबे में की जा चुकी है एक प्लेट में कितना वजन दाल सब्जी ग्राहकों को दिया जाएगा इस पर नियम कौन बनाएगा एक प्लेट में सौ ग्राम दाल की कीमत डेढ़ सौ रुपए से दो सौ रुपए तक वसूली जा रही है मनमानी कीमत निर्धारित कर ग्राहकों से वसूली करने वाले संचालकों पर सवाल खड़े हो गए हैं कि होटल ढाबे है या फिर ग्राहकों से लुट का अड्डा है ।

# मुख्य आरोपी 15 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

## मंझनपुर क्षेत्र में लूट की घटना करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का माल व रुपए बरामद

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गणेश प्रसाद सोनी पुत्र स्व0 गोपीचन्द सोनी निवासी भड़ेसर समदा चौराहा पर स्थित अपनी ज्वेलरी की दुकान बंद करके 27 जून को अपने घर वापस जा रहे थे। तभी रास्ते में मोटरसाइकिल पर सवार 03 व्यक्तियों द्वारा इनका मोबाइल फोन तथा एक बैग जिसमें रखी कुछ ज्वेलरी रुपए एवं प्रपत्र लूट लिये गए सूचना पर कोतवाली पुलिस सहित उच्चाधिकारीगणों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया थाना मंझनपुर पर मु0अ0सं0 241/26 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत हुआ घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के अनावरण हेतु 04 टीमों का गठन करते हुए अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया उपरोक्त क्रम में गठित टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, आसपास के लोगो से पूछताछ व सर्विलांस आदि की सहायता से घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था दिनांक 01.07.2026 को प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर सुनील कुमार सिंह टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एसओजी प्रभारी विनय कुमार सिंह द्वारा इन्पुट दिया गया कि उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्त कोरी रोड से गुजरने वाले हैं जिसपर थाना मंझनपुर पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा कोरी रोड पर कोरों गांव से पहले मोटर साइकिल सवार 02 संदिग्ध व्यक्तियों को घेराबन्दी करते हुये रोकने का प्रयास किया गया जिस पर वे नही रुके तथा भागने के प्रयास में मोटर साइकिल से फिसलकर गिर गये और दोनों व्यक्ति मोटर साइकिल छोडकर खेतों की तरफ भागने लगे पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया पकडे गये अभियुक्तों में अंचू सोनी उर्फ देवेश सोनी उर्फ देवेश वर्मा पुत्र कमलेश सोनी निवासी वार्ड नम्बर 4 करैटी रोड कस्बा कुण्डा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ वा दूसरे अभियुक्त राजाराम उर्फ रामराज यादव पुत्र महरानी दीन यादव उर्फ रामअधार निवासी मौनस का पुरवा भदरी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ को गिरफ्तार किया अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई पूछताछ में अभियुक्तों द्वार बताया गया कि वे अपने साथी के साथ मिलकर प्रतापगढ़, प्रयागराज एवं आसपास के जनपदों में चोरी व लूट की घटनाएँ करते हैं लूटे गए सोने-चाँदी के आभूषण कुण्डा में बेंच देते थे,जो उन्हें गलाकर सिल्ली बनता था। पुलिस ने दुकान दार को भी गिरफ्तार कर सलाखों पीछे भेज दिया है लेकिन 15 दिन बीत जाने के बावजूद भी मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस नाकाम है और मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचता जा रहा है।

# किसान दिवस का किसान कल्याण केन्द्र में किया गया आयोजन

## किसानों को फसल बीमा के बारे में दी गई जानकारी

**कौशाम्बी** किसान कल्याण केन्द्र मंझनपुर में किसान दिवस का आयोजन किया गया।किसान दिवस बैठक में सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए जिला कृषि अधिकारी द्वारा फसल बीमा योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी गयी तथा कृषकों को कृषि विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं में अनुदान का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। मत्स्य विभाग के वृजेश सिंह ने कृषकों को बताया गया कि इच्छुक कृषक मत्स्य पालन करने हेतु अनुदान का लाभ प्राप्त करने के लिए मत्स्य विभाग में सम्पर्क कर लाभ उठा सकते हैं। पवन कुमार मौर्य द्वारा भूमि संरक्षण अनुभाग से संचालिय योजनाओं के बारे में कृषकों को जानकारी दी इफ्को प्रतिनिधि अंकित कुमार द्वारा कृषकों को मृदा जांच के आधार पर दानेदार उर्वरक के उपयोग के बारे में बताया इसी क्रम में उप कृषि निदेशक,द्वारा किसान दिवस में उपस्थित कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री,विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज,दलहन एवं तिलहन की फसलों के मिनीकिट बीजों की बुकिंग एवं बीज प्राप्त करने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को बताया गया कि कृषि यंत्रीकरण योजनाओं में अनुदान प्राप्त करने के लिए जल्द ही आवेदन शुरू होने वाला है इच्छुक कृषक ऑनलाइन आवेदन करके कृषि यंत्रीकरण योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।इनके द्वारा विकास खण्डवार यंत्रों का लक्ष्य कृषकों को बताया गया तथा लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त किसान दिवस आयोजन में कृषकों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित विभाग के उपस्थित प्रतिनिधियों के द्वारा समस्या का समाधान बताया गया।अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर सतेन्द्र कुमार तिवारी उप कृषि निदेशक, कौशाम्बी डॉ० शिव शंकर चौधरी जिला कृषि अधिकारी,सुधांशु शेखर चौबे जिला खाद्य विपणन अधिकारी,अनुज कुमार मौर्य अपर जिला कृषि अधिकारी, कौशाम्बी पवन कुमार मौर्य वरि० प्रा०सहा० ग्रुप-ए,भूमि संरक्षण अनुभाग चन्द्रशेखर अवर अभियन्ता,सिंचाई विभाग, बृजेश सिंह प्रतिनिधि मुख्य कायर्कारी अधिकारी, मत्स्य,हुवलाल मण्डी सहायक मंझनपुर,अंकित कुमार इफको प्रतिनिधि विपिन दुबे प्रभारी,फसल बीमा कम्पनी, रामेश्वर भारतीया बी०टी०,लघु सिंचाई विभाग आदि अधिकारी वा विभिन्न विकासखण्डों से आए कृषक उपस्थित रहे।

## ● शिवपुरी में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान का आगाज :

# एसपी ने दिलाई शपथ बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

अखंड भारत संदेश

**15 से 30 जुलाई तक जिलेभर में होंगे जागरूकता कार्यक्रम; स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और शहरों में नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाएगी पुलिस, मादक पदार्थों के कारोबारियों पर भी होगी सख्त कार्रवाई**



**शिवपुरी।** युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शिवपुरी जिले में बुधवार से 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान की शुरुआत हो गई। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कमर्चारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां पुलिसकर्मियों ने नागरिकों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अभियान के तहत जिलेभर में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। प्रदेश स्तर पर इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की है। अभियान का उद्देश्य युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना और समाज में नशामुक्त वातावरण तैयार करना है। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने जिले के सभी एसडीओपी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए जनभागीदारी के साथ प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ परिवार, समाज और कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।



**स्कूल-कॉलेजों से गांव तक पहुंचेंगे जागरूकता कार्यक्रम :** अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्कूलों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों और सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी जाएगी।

**रैली नुक्कड़ नाटक व प्रतियोगिताओं से देंगे संदेश :** पुलिस विभाग द्वारा अभियान के दौरान जनजागरूकता रैलियां, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठियां, परिचर्चाएं, चित्रकला, निबंध, भाषण और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी नशामुक्ति के संदेश प्रसारित किए जाएंगे।



**नशे के कारोबारियों पर भी रहेगा शिकंजा :** अभियान के दौरान जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, परिवहन, संग्रहण और तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि उन्हें आसपास किसी भी प्रकार की अवैध नशीले पदार्थों से जुड़ी गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

**शिवपुरी पुलिस अधीक्षक की अपील :** पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने और परिवार व समाज को भी नशे की बुराइयों से बचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

## बाइक में साड़ी का पल्लू फंसने से नवविवाहिता की मौत, दो महीने पहले ही हुई थी शादी

अखंड भारत संदेश



**फतेहपुर।** किशनपुर कस्बे में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। गंगा स्नान के लिए जा रही नवविवाहिता की साड़ी का पल्लू बाइक के पहिए में फंस जाने से वह सड़क पर गिरकर काफी दूर तक घिसटती चली गई। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, किशनपुर थाना क्षेत्र के जालंधरपुर गांव निवासी रामप्रसाद निषाद की शादी करीब 2 महीने पहले 5 मई को चित्रकूट जनपद के रीठी गांव निवासी रोशनी देवी से हुई थी। मंगलवार सुबह पति-पत्नी बाइक से गंगा स्नान करने निकले थे।पुलिस कॉलोनी के पास पहुंचते ही रोशनी की साड़ी का पल्लू अचानक बाइक के पहिए में फंस गया। संतुलन बिगड़ने से रोशनी सड़क पर गिर पड़ी और पहिए में फंसने के कारण वह काफी दूर तक घिसटती चली गई। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से रोशनी को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयीपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान रोशनी ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चंद महीने पहले ही बजी शहनाई अब मातम में बदल गई। किशनपुर थाना अध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एक बार फिर दोपहिया वाहन पर साड़ी पहनकर बैठते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

## आबकारी अधिनियम के मामले में छह साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** जिले में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नरवर थाना क्षेत्र की मगरौनी चौकी पुलिस ने आबकारी अधिनियम के एक मामले में छह साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन में जिलेभर में फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और करैरा एसडीओपी प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विनय यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अपराध क्रमांक 159/2018 में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत वांछित स्थायी वारंटी गब्बर सिंह गुर्जर (40), निवासी पुरानी मगरौनी, थाना नरवर को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय करैरा में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विनय यादव, चौकी प्रभारी मगरौनी उपनिरीक्षक अभिमन्यु राजावत, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश यादव तथा आरक्षक सचिन यादव, बीरेंद्र सिंह और रविंद्र भास्कर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हाफिजपुर हरकरन पेयजल योजना में जल अर्पण एवं डायरिया रोकथाम जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**ग्राम प्रधान ने की जल संरक्षण की अपील, स्वच्छ पेयजल के उपयोग पर दिया जोर**



**फतेहपुर।** शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्यक्रम जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खण्ड खजुहा की ग्राम पंचायत हाफिजपुर हरकरन में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में जल अर्पण कार्यक्रम एवं डायरिया रोकथाम जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई टीम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। उक्त पेयजल योजना विगत एक वर्ष से सफलतापूर्वक संचालित है।

जिला परियोजना प्रबंधन इकाई से आईएसए कोऑडिर्नेटर शिवबहादुर सिंह ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल का नियमित उपयोग करने से जल जनित रोगों से बचाव संभव है तथा बीमारी के उपचार पर होने वाले अनावश्यक खर्च में भी कमी आती है। उन्होंने बताया कि दूषित पेयजल के उपयोग तथा स्वच्छता के प्रति लापरवाही के कारण ही डायरिया जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं। इसलिए सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल के साथ व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान सत्येंद्र ने ग्रामीणों से अपील की कि वे पानी का दुरुपयोग न करें तथा जल संरक्षण एवं जल संचयन को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने विशेष रूप से वर्षा जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर वर्षा जल के संरक्षण के प्रयास करने चाहिए। ग्राम पंचायत में पेयजल योजना के सफल संचालन से ग्रामीणों में प्रसन्नता एवं उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन से सम्बंधित विभिन्न जानकारियां भी साझा की गईं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर सऊद सिद्दीकी, जीआईएस एक्सपर्ट जितेंद्र, निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर नीरज सक्सेना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### परिवार परामर्श केंद्र की पहल रंग लाई, टूटने से बचा रिश्ता



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण और पारिवारिक सौहार्द अभियान का असर जमीन पर दिख रहा है। पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में हुई काउंसलिंग के बाद एक दम्पति ने आपसी मनमुटाव भुलाकर फिर से साथ रहने का निर्णय लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र द्वारा लगातार पति-पत्नी के बीच उत्पन्न विवादों को बातचीत और मध्यस्थता के जरिए सुलझाया जा रहा है। इसी क्रम में आज केंद्र में एक मामले की सुनवाई हुई। काउंसलिंग का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह ने किया। इसमें काउंसलर साधना देवी और दयाशंकर वर्मा ने दोनों पक्षों को धैयर्पूर्वक सुना और उन्हें रिश्ते की अहमियत समझाई। लंबी चर्चा और समझाइश के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति पर पहुंचे। काउंसलिंग के बाद दम्पति ने अपने वैचारिक मतभेद और गलतफहमियों को खत्म कर साथ रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे विवादों की वजह से रिश्ता नहीं टूटना चाहिए।इस पूरी कार्यवाही के दौरान महिला आरक्षी शिप्रा पाठक और महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा भी मौजूद रहीं।मिशन शक्ति फेज-5.0 का मुख्य मकसद महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ परिवारों में सामंजस्य स्थापित करना है। परिवार परामर्श केंद्र इसी कड़ी में घरेलू विवादों को कोर्ट,कचहरी तक पहुंचने से पहले आपसी सहमति से हल करने का काम कर रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे केंद्रों की वजह से कई परिवार टूटने से बच रहे हैं और समाज में सकारात्मक संदेश जा रहा है।

### खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, भाला फेंक व गोला फेंक में लिया हिस्सा



**असोथर (फतेहपुर)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की नगर इकाई असोथर की ओर से 'खेलो भारत' अभियान के तहत राम किशोर सिंह इंटर कॉलेज में भाला फेंक, गोला फेंक और डिस्क थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं एबीवीपी फतेहपुर के तहसील संयोजक प्रतीक शुक्ला ने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। आयोजकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर मंत्री धर्मेंद्र, अंश सिंह समेत परिषद के कार्यकर्ता, विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### जनता की समस्याएं सुनकर एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आज पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए लोगों ने जमीन विवाद, महिला उत्पीड़न, चोरी, मारपीट और अन्य मामलों से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। एसपी ने एक-एक कर सभी की बातें सुनीं और शिकायतों का तत्काल संज्ञान लिया।इस अवसर पर एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर गुणवत्तापरक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी मामले में लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसपी ने यह भी कहा कि पीड़ितों से शालीनता से व्यवहार किया जाए और उन्हें उनकी शिकायत के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया जाए। थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गए कि जनसुनवाई में आए मामलों का निस्तारण तय समय सीमा में कर आख्या उपलब्ध कराएं।जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस पहल से फरियादियों ने राहत व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन के प्रति संतोष जताया।

## रेडक्रास के तत्वावधान में रक्तदान शिविर, 6 लोगों ने किया रक्तदान

अखंड भारत संदेश



**फतेहपुर।** जिला अस्पताल में रक्त की कमी को देखते हुए इंडियन रेडक्रास सोसाइटी फतेहपुर की ओर से बुधवार को जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन व कायर्कारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में समाजसेवियों और आम लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान कुल 6 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही 10 लोगों ने रेडक्रास द्वारा आगे आयोजित होने वाले शिविरों में रक्तदान के लिए अपना रजिस्ट्रेशन भी कराया। रक्तदान करने वालों में विनय कुमार अग्रहरि, बचपन डे केयर सेंटर से पवन तिवारी, जैविक कृषक वीरेंद्र यादव, अतुल कुमार गुप्ता, अरशद रजा और नरेश कुमार शामिल रहे। चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के सचिव अजीत सिंह,कायर्कारिणी सदस्य संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध समिति सदस्य उमेश कुमार श्रीवास्तव, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, पुनीत वीर विक्रम भी मौजूद रहे। जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से डॉ. अभिषेक सिंह, अशोक शुक्ल, बृजकिशोर, अखिलेश कुमार, दिव्या वर्मा, दीपाली वर्मा, पूजा तिवारी और अजय कुमार ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान महादान है। जिले में रक्त की जरूरत को पूरा करने के लिए रेडक्रास आगे भी ऐसे शिविर लगाता रहेगा। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।शिविर के आयोजन से जिला अस्पताल में रक्त की उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर मदद मिल सकेगी।

## हाय रे बिजली व्यवस्था! सुल्तानपुर घोष में हर 10 मिनट पर ट्रिपिंग

**दो घंटे की रोस्टिंग से जनजीवन बेहाल, पानी और हवा को तरस रहे लोग**

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीण फीडर पर हर 10 मिनट में बिजली ट्रिप होने और हर दो घंटे की रोस्टिंग के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उमस भरी भीषण गमी में लोग बिजली, पानी और हवा के लिए तरस रहे हैं।शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक ग्रामीण फीडर पर अनगिनत बार ट्रिपिंग होने से उपभोक्ताओं को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार बिजली आने-जाने से पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण सही ढंग से नहीं चल पा रहे हैं। वहीं बिजली न रहने से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लगातार ट्रिपिंग और रोस्टिंग से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। लोगों ने विद्युत विभाग से ट्रिपिंग की समस्या का तत्काल समाधान कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## 16 जुलाई को चार घंटे बंद रहेगी बिजली, फतेहपुर फीडर से जुड़े इलाके होंगे प्रभावित

**रखरखाव कार्य के चलते सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित**

**शिवपुरी।** विद्युत वितरण कंपनी ने आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 16 जुलाई को 11 केवी फतेहपुर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रखने का निर्णय लिया है। विभाग के अनुसार, सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक फतेहपुर फीडर से जुड़े इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान बीज गोदाम, दुबे नसरी, शारदा कॉलोनी, फतेहपुर गांव, जाटव मोहल्ला, परिहार मोहल्ला, 26 नंबर कोठी के आसपास के क्षेत्र सहित अन्य संबंधित इलाकों में बिजली बंद रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए अपने आवश्यक कार्य पहले ही पूरा कर लें। हालांकि, तकनीकी परिस्थितियों के अनुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहने की अवधि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन भी किया जा सकता है।

## हत्या के प्रयास के दोषी को दो वर्ष 11 माह की सजा, 1100 रुपये का जुर्माना

**ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी और वैज्ञानिक विवेचना से न्यायालय ने सुनाया फैसला**

**फतेहपुर।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत हत्या के प्रयास और आयुध अधिनियम के मामले में दोषी पाए गए आरोपी को न्यायालय ने दो वर्ष 11 माह की सजा और 1100 रुपये के अथर्दंड से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार, धाता थाना में वर्ष 2020 में दर्ज मुकदमा संख्या 70/2020 में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 तथा मुकदमा संख्या 71/2020 में आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत बच्छराज पासी निवासी धाता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जिले में चिन्हित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और लोक अभियोजक रघुराज सिंह की प्रभावी पैरवी के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया।

एसजे/गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने हत्या के प्रयास और आयुध अधिनियम के तहत दोषसिद्ध आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि, जो दो वर्ष 11 माह है, की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 1100 रुपये का अथर्दंड भी लगाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में वैज्ञानिक तरीके से की गई विवेचना, साक्ष्यों के प्रभावी संकलन और न्यायालय में मजबूत पैरवी के कारण दोषी को सजा दिलाने में सफलता मिली।

# करोड़ों खर्च, फिर भी बदहाल शिवपुरी: गड्ढों में सड़कें कचरे से अटे नाले और हर दिन जाम से जूझ रहे लोग

अखंड भारत संदेश

**शिवपुरी।** शहर में विकास कार्यों पर हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च होने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। मानसून की शुरुआत के साथ ही शहर की सड़कों, नालों और यातायात व्यवस्था की खामियां एक बार फिर सामने आने लगी हैं। ऐसे में नागरिकों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि विकास कार्यों का लाभ आखिर धरातल पर क्यों दिखाई नहीं दे रहा। बारिश शुरू होते ही शहर के कई नाले कचरे और प्लास्टिक से भरे नजर आ रहे हैं। जल निकासी बाधित होने से कई इलाकों में जलभराव की आशंका बनी हुई है। जबकि नगर पालिका की ओर से मानसून से पहले नालों की सफाई का अभियान चलाने का दावा किया गया था। मौजूदा हालात इन दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं शहर की अधिकांश सड़कों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई डामर की परत और अधूरे मरम्मत कार्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। वाहन चालकों का कहना है कि कई स्थानों पर सड़कें दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। हर वर्ष होने वाले मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यातायात व्यवस्था भी शहर की बड़ी समस्या बनी हुई है। प्रगति बाजार, कोर्ट रोड, माधव चौक,



मानसून की शुरुआत में ही खुली तैयारियों की पोल, नागरिक सुविधाओं पर उठे सवाल; विकास कार्यों की गुणवत्ता और जवाबदेही पर जनता ने मांगा जवाब

गुरुद्वारा चौराहा, राजेश्वरी रोड और पोहरी बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। इससे व्यापारियों, विद्यार्थियों, मरीजों और आम लोगों को घंटों परेशान होना पड़ रहा है। बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के बावजूद दीर्घकालिक यातायात योजना के अभाव की चर्चा भी तेज हो रही है। शहर में सड़क, सफाई, जल निकासी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए लगातार बजट स्वीकृत होने की जानकारी सामने आती रही है। इसके बावजूद नागरिकों का कहना है कि सुविधाओं में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। लोगों का सवाल है कि विकास कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी कैसे होती है, संबंधित एजेंसियों की जवाबदेही किस प्रकार तय की जाती है और खराब कार्यों पर कारर्वाई क्यों नहीं दिखती।

जनप्रतिनिधियों से भी नागरिक जवाब चाहते हैं। चुनाव के दौरान विकास, स्वच्छता और आधुनिक शहर के जो वादे किए गए थे, अब उनकी प्रगति पर सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि शहर को नई घोषणाओं से अधिक पुराने वादों के क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

नागरिकों का मानना है कि शिवपुरी को बेहतर सड़कें, साफ-सुथरी जल निकासी व्यवस्था, सुचारु यातायात प्रबंधन और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत है। अब लोगों की नजर इस बात पर है कि शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदार एजेंसियां और जनप्रतिनिधि क्या ठोस कदम उठाते हैं।

# किसानों ने उठाया कृषि क्षेत्र से जुड़े ज्वलंत समस्याओं के मुद्दे, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आए किसानों ने कृषि क्षेत्र से जुड़ी अपनी ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिनमें अन्ना प्रथा, खाद की उपलब्धता, सिंचाई और बिजली आपूर्ति की समस्याएं प्रमुख रहीं।

इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समस्त विभाग के अधिकारियों से वर्तमान में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी व सहायक निबंधक सहकारिता को समस्त समितियों में पीओएस मशीन दुरुस्त रखते हुए समय से खाद की अधिक मात्रा में उपलब्धता एवं खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्ना पशुओं की समस्या के समाधान के लिए गौशालाओं की क्षमता बढ़ाने और पशुओं को संरक्षित करने के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं समस्त बीडीओ को निर्देश दिए। इसी प्रकार विद्युत विभाग के अधिकारियों को खराब ट्रांसफार्मर 48 घंटे के भीतर बदलने और सिंचाई विभाग को टेल तक पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, उनकी समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

उप कृषि निदेशक जीत लाल गुप्ता ने बताया कि विभाग में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। इसके अलावा कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत शुरू आवश्यक कृषि यंत्रों की किसान स्वयं बुकिंग कर सकते हैं। ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया जाएगा। बैठक में जिला कृषि अधिकारी आरके वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी बलजीत बहादुर वर्मा, सुरुचि विश्वकर्मा, एसओसी मनोहर लाल वर्धन, किसान यूनियन से राम सिंह, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिए ब्लॉकों में लगेंगे कैंप

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन और नवीनीकरण के लिए जिले के सभी विकास खंडों में कैंप लगाए जाएंगे। सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि 15, 16 व 17 जुलाई को कर्वी ब्लॉक, 18, 20 व 21 जुलाई को रामनगर, 22, 23 व 24 जुलाई को पहाड़ी, 25, 27 व 28 जुलाई को मानिकपुर तथा 29, 30 व 31 जुलाई को मऊ ब्लॉक में सुबह 11 से अपराह्न 3 बजे तक कैंप आयोजित होंगे। पंजीयन के लिए श्रमिक का पिछले एक वर्ष में न्यूनतम 90 दिन निर्माण कार्य में नियोजित होना अनिवार्य है। इसके लिए फोटो, आधार कार्ड, नामिनी का आधार, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और 40 रुपये शुल्क आवश्यक होगा। आधार से लिंक मोबाइल नंबर भी साथ लाना अनिवार्य है। उन्होंने पात्र श्रमिकों से कैंप में पहुंचकर पंजीयन कराने की अपील की है।

## नीति आयोग की टीम ने छिवलहा में परखा वीएचएसएनडी सत्र

### मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण प्रबंधन का लिया जायजा

**चित्रकूट।** भारत सरकार के नीति आयोग के केंद्रीय जिला प्रभारी दीपक अग्रवाल (आईएएस) ने बुधवार को विकास खंड मऊ की ग्राम पंचायत छिवलहा में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय जिला प्रभारी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण, पोषण प्रबंधन और अभिलेखों का अवलोकन किया। सत्र के दौरान गर्भवती महिलाएं संगीता देवी और मीरा देवी की प्रसवपूर्व जांच की गई। साथ ही शंशाक, अयांश, अनुपम और कृष्ण गोपाल को पेंटा-1 का टीका लगाया गया। गंभीर तीव्र कुपोषण (सैम) से प्रभावित सृजल और आर्या को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक औषधियां और उपचार उपलब्ध कराया गया। निरीक्षण के दौरान शंशाक का वजन 4.825 किलोग्राम दर्ज किया गया और स्वास्थ्य परीक्षण में बच्चा सामान्य पाया गया। केंद्रीय प्रभारी दीपक अग्रवाल ने वीएचएसएनडी सत्र के प्रभावी संचालन की सराहना करते हुए अधिकारियों को इसी तरह गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देते रहने के निर्देश दिए। सत्र में एएनएम गायत्री देवी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री कमलेश कुमारी, सहायिका मैकी देवी और आशा कार्यकत्री मीना देवी मौजूद रहीं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार पाण्डेय, उपायुक्त एनआरएलएम एसएन पाण्डेय, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, सीडीपीओ मऊ धर्मेंद्र तथा बीडीओ मऊ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कम्प्यूटर कोर्स 'ओ' लेवल व सीसीसी के मुफ्त प्रशिक्षण के लिए 20 तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगारपरक तकनीकी दक्षता प्रदान करने के लिए संचालित ह्यओह्न लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के सत्र 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।



जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि योजना के तहत भारत सरकार की अधिकृत संस्था एनआईईएलआईटी (निलिट) से मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका लाभ केवल इंटरमीडिएट पास ओबीसी बेरोजगार युवक-युवतियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के समय शैक्षिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो और अन्य अभिलेख तैयार रखना जरूरी है। ऑनलाइन आवेदन पत्र दो प्रतियों में समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग कार्यालय में शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। बताया कि इस प्रशिक्षण से युवाओं की तकनीकी दक्षता बढ़ेगी और सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। चयनित अभ्यर्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवेदन के बाद हार्ड कॉपी 20 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य है।

# मऊ विकासखंड में आयोजित की गई कृषि ज्ञानदूत परियोजना के प्रथम चरण की कार्यशाला

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** जिला खनन कोष के अंतर्गत संचालित ह्यकृषि ज्ञानदूतह्न परियोजना के प्रथम चरण की एक दिवसीय कार्यशाला विकासखंड मऊ के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें कृषि ज्ञानदूतों को उनके दायित्व और कार्यों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी ने कृषि ज्ञानदूतों को उनके दायित्व और कार्यों की जानकारी दी। बताया कि किसानों की समस्याओं को व्हाट्सएप, फोटो और फोन के जरिए वैज्ञानिकों तक पहुंचाना तथा उनका समाधान वापस किसानों तक पहुंचाना ज्ञानदूतों का मुख्य कार्य है। उन्होंने ज्ञानदूतों को अपने राजस्व ग्राम में किसानों का व्हाट्सएप समूह बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि तकनीकी जानकारी सीधे किसानों तक पहुंच सके। इसका लाइव डेमो भी किया गया। इसके साथ ही ह्यकिसान सारथी ऐपह्न डाउनलोड कराकर फीडबैक की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

बीडीओ संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े किसानों के प्रक्षेत्रों में नवीनतम तकनीक और नवाचार स्वतः प्रदर्शित होते हैं। एसडीएम राम ऋषि रमन ने चयनित ज्ञानदूतों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योजना का प्रथम चरण मऊ से प्रारंभ होना खुशी की बात है। उन्होंने ज्ञानदूतों के हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सभी ज्ञानदूतों को वेलकम किट के रूप में बैग, पेन, पैड और कृषि तकनीकी साहित्य दिए गए। साथ ही एल-नीनो के कारण कम वर्षा की आशंका को देखते हुए कोदो और सांवा की उन्नत किस्म के बीज भी वितरित किए गए। संचालन परियोजना प्रभारी डॉ. उत्तम कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर वैज्ञानिक पुष्पेंद्र कुमार सिंह, सहयोगी अभय कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए 17 तक करें नामांकन

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार-2026 के लिए स्व-नामांकन की तिथि विस्तारित कर दी गई है। जिसके तहत शिक्षक 11 से 17 जुलाई तक ऑनलाइन स्व-नामांकन कर सकते हैं, जबकि आवेदन सबमिट करने की तिथि 18 से 20 जुलाई तक निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी आवश्यक संलग्नकों एवं बुकलेट सहित संबंधित अधिकारी से अग्रसारित कराकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में 22 जुलाई की शाम 5 बजे तक जमा करनी होगी।

## अवैध प्लाटिंग करने वालों पर हो कार्रवाई

**चित्रकूट।** सदर तहसील क्षेत्र के गढ़ीवां गांव के निवासी सचिन त्रिपाठी और अजय त्रिपाठी ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि गढ़ीवां गांव में गाटा संख्या 168, 161, 158 व 159 में अवैध तरीके प्लाटिंग की जा रही है, जबकि यह जमीन कृषि योग्य भूमि है और बिना आबादी घोषित कराए प्लाटिंग की जा रही है। जिसमें गाटा संख्या 168 में सरकार भूमि में भी एक बीघा में प्लाटिंग की जा रही है। इसके लिए विकास प्राधिकरण से स्वीकृति भी नहीं ली गई है। आरोप लगाया कि संतोष कुमार शुक्ला, सुशील कुमार शुक्ला, बुद्धविलाश, प्रेमचन्द्र आदि की भूमि में अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही है। जबकि प्रशासन द्वारा इस पर रोक लगाई गई है। इसके बावजूद भूमाफिया आशीष कुमार द्वारा अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही है। लगभग 20 बीघे जमीन में अवैध प्लाटिंग करने के लिए धनुष चैराहे के कामधेनु होटल में कार्यालय बनाया गया है। ऐसे में मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# दुष्कर्म और दहेज उत्पीड़न के मामले में दो आरोपियों को सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** घर से अलग रह रही महिला का अपहरण करके दिल्ली ले जाने और वहां दोस्त के साथ मिलकर दुराचार करने के मामले में पीड़िता के आरोपी पति और उसके साथी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। जिसमें आरोपी पति को पांच वर्ष सश्रम कारावास और उसके साथी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही दोनों आरोपियों को अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कर्वी क्षेत्र के एक गांव के निवासी ने बीती पांच अगस्त 2014 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2010 में की थी। शादी के बाद से ही दामाद दहेज के लिए उसकी पुत्री का उत्पीड़न करता था और फोन के जरिए बाइक की मांग करते हुए, न देने पर जान से मारने की धमकी भी देता था। इस उत्पीड़न के चलते उसकी बेटी ससुराल से मायके आ गई थी। इस दौरान बीती 29 जुलाई 2014 को उसका दामाद एक व्यक्ति के साथ आया और बेटी को घर से ले गया। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। पिता ने बेटी के अपहरण और हत्या की आशंका व्यक्त की थी। जिसके बाद पुलिस ने उसकी बेटी को बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए बयान दर्ज किए थे। जिसमें पीड़िता ने बताया था कि पति उसे दिल्ली ले गया था, जहां उसने अपने दोस्त भरतकूप क्षेत्र के भारतपुर निवासी पप्पू उर्फ विनोद कुमार पटेल के साथ जबरन दुराचार किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर पीड़िता के आरोपी पति को पांच वर्ष सश्रम कारावास और पति के दोस्त पप्पू उर्फ विनोद कुमार पटेल को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही दोनों आरोपियों को अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है।

## पेकोरा माफी के रजनीश का यूपीएसआई में चयन



**चित्रकूट।** थाना रैपुरा क्षेत्र के ग्राम पेकोरा माफी निवासी रजनीश सिंह पुत्र विनोद सिंह का उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (यूपीएसआई) पद पर चयन हुआ है। चयन की सूचना मिलते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर है। रजनीश ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक बनेगी।

# सरकारी दफ्तर में टेबल पर लेटकर सेल्फी लेने वाले लिपिक की तस्वीरें वायरल

### विभागीय कार्यशैली पर उठे सवाल

अखंड भारत संदेश



**बांदा।** जिले के विशेष भूमि विभाग से जुड़ी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में विभाग में तैनात एक लिपिक कथित तौर पर कार्यालय की टेबल पर लेटकर सेल्फी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरें सामने आने के बाद सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और कार्यशैली को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

वायरल तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि जिस टेबल पर सामान्यतः सरकारी फाइलें और दस्तावेज रखे जाते हैं, उसी पर कर्मचारी आराम की मुद्रा में लेटकर मोबाइल से सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

सूत्रों के अनुसार संबंधित लिपिक को पूर्व में भी कार्यशैली को लेकर चेतावनी दी जा चुकी है। यह भी दावा किया जा रहा है कि उनके आचरण के चलते उनका पांच वर्ष का एग्रीमेंट रोका गया था। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी कार्यालयों में अपने कार्यों के लिए आने वाले नागरिकों को अक्सर घंटों इंतजार करना पड़ता है, ऐसे में इस तरह की तस्वीरें विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं। फिलहाल इस मामले में विशेष भूमि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यदि वायरल तस्वीरें और उनसे जुड़े दावे सही पाए जाते हैं, तो विभागीय कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## खंडेहा गौशाला निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर सीडीओ ने लगाई फटकार

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने विकास खंड मऊ की ग्राम पंचायत खंडेहा की गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में साफ-सफाई का अभाव मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित एनजीओ को अलग से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान खंडेहा गौशाला राम जानकी नवजीवन दिव्यांग संस्थान को हस्तगत मिली। मौके पर 25 गौवंश पाए गए, जबकि शेष गौवंशों को चराने के लिए बाहर ले जाया गया था। बताया गया कि गौवंशों के लिए पेयजल की व्यवस्था सोलर पंप के माध्यम से की जाती है। भूसा भंडार गृह के निरीक्षण में संरक्षित भूसे में नमी पाई गई। सीडीओ ने उपलब्ध पशु आहार भी गौवंशों को खिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब मिली। जिस पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने इसे लगातार दुरुस्त कराने की जरूरत बताई। निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे के सम्बन्ध में बताया गया कि सभी कैमरे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से लिंक कराए गए हैं। सीडीओ ने संबंधित गौशाला की सभी अस्त-व्यस्त व्यवस्थाओं को अविलंब ठीक कराने के लिए एनजीओ को सख्त निर्देश दिए। साथ ही इसके लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत खंडेहा में राज्य वित्त से कराए गए बारात घर, इंटरलॉकिंग, नाला निर्माण, टाइलिंग कार्य और आरआरसी सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) अजय पाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) दुर्गेश नन्दन पाण्डेय, ग्राम पंचायत अधिकारी बाल गोविंद मौर्य आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बाँदा।** जनता दल यूनाइटेड के दिव्यांग प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से जिले में 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016' के पूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की गई है।

जिलाध्यक्ष (दिव्यांग प्रकोष्ठ) बिहारी लाल अनुरागी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को समान अवसर, सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और न्याय प्रदान करना है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पूर्ण पालन नहीं हो रहा है । उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 को पूरी तरह से लागू सुनिश्चित किया जाए। सभी सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, विद्यालयों, न्यायालयों, थानों और सार्वजनिक भवनों को दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से 'सुगम' बनाया जाए। थानों और पुलिस चौकियों में दिव्यांगजनों की शिकायतों को तत्काल दर्ज कर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। इसके साथ ही, फोन कॉल के माध्यम से दिव्यांगजनों की शिकायतों का यथासंभव त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में बिहारी लाल अनुरागी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# अनुदान के लिए आज से 30 तक होगी बुकिंग

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक जेएल गुप्ता ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन और फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन समेत विभिन्न कृषि यंत्रों और कृषि रक्षा उपकरणों के लिए बुकिंग गुरुवार की दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए विभागीय पोर्टल पर 16 जुलाई गुरुवार की दोपहर 12 बजे से 30 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन के समय ही किसानों को यंत्र निर्धारण जमानत धनराशि जमा करनी होगी। बजाया कि 10 हजार से एक लाख रुपये तक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 2500 रुपये और एक लाख से अधिक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 5000 रुपये जमानत राशि निर्धारित है। बताया कि लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन बुकिंग कर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य पर होगा अमेरिका का कब्जा, डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान, दुनिया में मची जादूगरनी

**ईरान**

**ईरान** के साथ बढ़ते तनाव के बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण अपने हाथ में लेगा और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण शिपिंग मार्गों में से एक की सुरक्षा करने के बदले उसे भुगतान किया जाना चाहिए। इस जलडमरूमध्य से दुनिया के कुल तेल और गैस शिपमेंट का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है, जो इसे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक बेहद अहम लाइफलाइन बनाता है। फॉक्स न्यूज के साथ फोन पर हुए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस जलडमरूमध्य का "रक्षक" (४४ॅल्लि) बनेगा और समुद्री यातायात की सुरक्षा करने के लिए वह मुआवजे का हकदार है। ट्रंप ने कहा कि हम उस जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) पर कब्जा बनाए रखेंगे और शायद उसे हम ही चलाएंगे। हम उस जलडमरूमध्य के संरक्षक बन जाएंगे। हो सकता है कि हम उसे 'जलडमरूमध्य का संरक्षक फरिश्ता' कहें। और इसके लिए हमें मुआवजा मिलना चाहिए। ट्रम्प का यह बयान तब आया है जब खाड़ी में फिर से सैन्य टकराव के बाद वाशिंगटन और तेहरान के बीच इस बात को लेकर दावे-प्रतिदावे किए जा रहे हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर किसका नियंत्रण है। ईरान का कहना है कि इस जलमार्ग पर उसका अधिकार है, जबकि अमेरिका का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय नौवहन अधिकारों के तहत व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही जारी है। होरमुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। दुनिया का लगभग पाँचवाँ हिस्सा तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (छठ‌ऋ) की सप्लाई इसी संकरे जलमार्ग से होकर गुजरती है, जिससे यह दुनिया के सबसे अहम रणनीतिक समुद्री रास्तों में से एक बन जाता है। यहाँ शिपिंग में किसी भी तरह की रुकावट से दुनिया भर में ऊर्जा की कीमतें बढ़ सकती हैं। आजकी खबर

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) पर नियंत्रण करने के बारे में ट्रंप की टिप्पणी को तुरंत खारिज कर दिया। देश की शीर्ष संयुक्त सैन्य कमान ने चेतावनी दी कि वह इस रणनीतिक



जलमार्ग के प्रबंधन में अमेरिका को दखल नहीं देने देगी। सेना ने कहा कि ईरान की मंजूरी के बिना अमेरिकी सेनाओं द्वारा इस जलडमरूमध्य से गुजरने की किसी भी कोशिश का "कड़ा जवाब" दिया जाएगा। उसने क्षेत्रीय देशों को यह भी चेतावनी दी कि वॉशिंगटन के साथ किसी भी तरह के सहयोग को ईरान के खिलाफ युद्ध" माना जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि अगर यह टकराव बढ़ता है, तो यह पूरे क्षेत्र में फैल जाएगा और "इसकी ज़िम्मेदारी अमेरिका और उसके सहयोगियों की होगी।

ट्रंप ने ईरान पर निशाना साधा

इंटरव्यू के दौरान, ट्रंप ने ईरान पर बातचीत के दौरान बार-बार अपना रुख बदलने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिका की पिछली सरकारों ने तेहरान को मजबूत होने दिया। उन्होंने कहा कि कल उनकी 11 घंटे तक बैठक चली... वे एक मिनट में एक वाक्य पर भी सहमत नहीं हो पा रहे हैं। कल सब कुछ तय हो गया था, लेकिन फिर वे कमरे से बाहर निकलते हैं और वापस फोन कर-के कहते हैं, हमें कुछ बदलाव करने थे। बदलाव? हम कोई बदलाव नहीं करने वाले। वे पेशेवर बातचीत करने वाले (नेगोशिएटर) हैं। बस यही हैं वे। ट्रंप ने ईरान का सामना न कर पाने के लिए अपने से पहले के राष्ट्रपतियों को ज़िम्मेदार ठहराया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू. बुश और बिल क्लिंटन का खास तौर पर ज़िक्र किया।

उन्होंने एक बार फिर 2015 की ईरान परमाणु डील की आलोचना की, जिसे आधिकारिक तौर पर 'जॉइंट कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस डील ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर रोक लगाने के बजाय तेहरान को और मजबूत किया।

# 'आंख के बदले आंख लेंगे, जान के बदले जान', तेहरन ने किया जोरदार ऐलान, अमेरिका को ईंट का जवाब पत्थर से दे रहा ईरान

**अमेरिका**

**अमेरिका** के ताजा हमलों के बाद ईरान ने जिस तरह "आंख के बदले आंख" की नीति अपनाते हुए खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर एक साथ कई हमले किए हैं, उसने पूरी दुनिया को नए युद्ध संकट के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया कि बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों, ओमान के राडार तंत्र तथा जार्डन के प्रिंस हसन वायुसेना अड्डे पर ईंधन और हथियार भंडार को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई अमेरिका द्वारा ईरान के वायु रक्षा तंत्र, तटीय राडार, मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं तथा नौसैनिक ठिकानों पर किए गए हमलों के जवाब में की गई।

हम आपको बता दें कि हालात इतने विस्फोटक हो चुके हैं कि होरमुज जलडमरूमध्य एक बार फिर इस संघर्ष का सबसे बड़ा रणक्षेत्र बन गया है। तेहरान ने दावा किया है कि उसने इस अहम समुद्री मार्ग को दोबारा बंद कर दिया है। इसका



सीधा असर वैश्विक तेल बाजार पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है और दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति तथा महंगाई को लेकर चिंता बढ़ गई है। जहाजों की आवाजाही भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार रविवार को केवल छह जहाज इस जलमार्ग से गुजर सके, जो पिछले पांच सप्ताह का सबसे निचला स्तर है। कई तेल टैंकरों ने अपनी पहचान बताने वाली प्रणाली तक बंद कर दी, जिससे समुद्री सुरक्षा को लेकर आशंकाएं और गहरी हो गई हैं।

इसी बीच, ईरान के रणनीतिक बंदरगाह बंदर अब्बास और समीप स्थित किश्म द्वीप के आसपास जोरदार धमाकों की खबरों ने तनाव को और बढ़ा दिया है। स्थानीय समाचार माध्यमों के अनुसार विस्फोटों की आवाज दूर तक सुनी गई, हालांकि इनके कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वहीं इस्फहान प्रांत में अमेरिकी हमले में एक व्यक्ति की मौत और कई अन्य के घायल होने की भी सूचना सामने आई है। पिछले सप्ताह से जारी जवाबी हमलों में कई लोगों की जान जा चुकी है और वास्तविक नुकसान का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। बहरीन ने भी स्वीकार किया है कि उसके वायु रक्षा तंत्र ने ईरान की ओर से दागी गई कई मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। बहरीन का आरोप है कि ईरान ने नागरिक इलाकों को भी निशाना बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर ईरान का कहना है कि वह केवल अमेरिकी सैन्य ढांचे को जवाब दे रहा है और उसके हर कदम का आधार प्रतिशोध है। इस घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि अब यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरा खाड़ी क्षेत्र इसकी चपेट में आ चुका है।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका पर अपने वादे तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस्लामी गणराज्य ने समझौते की हर शर्त का पालन किया, लेकिन वॉशिंगटन ने अलग अलग बहानों से कई प्रावधानों का उल्लंघन किया।

तेहरान ने दो टूक कहा कि कोई भी ईरान पर अपने वचन से मुकरने का आरोप नहीं लगा सकता। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ संकेत दिया है कि युद्धविराम अब समाप्त हो चुका है। हालांकि उन्होंने बातचीत का दरवाजा पूरी तरह बंद नहीं किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अमेरिकी हमले जारी रहेंगे। जवाब में ईरान के शीर्ष वातार्कार ने चेतावनी दी कि एकतरफा समझौतों का दौर खत्म हो चुका है और अब हर विश्वासघात की कीमत चुकानी होगी।

देखा जाये तो तनाव केवल सैन्य मोर्चे तक सीमित नहीं है। ईरान ने अपने पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या तथा हालिया अमेरिकी और इजराइली हमलों का बदला लेने की कसम दोहराई है।

# मंत्रालय ने पिछले 24 घंटों में किए गए आक्रामक और क्रूर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की

**ईरान**

**ईरान** के विदेश मंत्रालय ने सोमवार (स्थानीय समय) को तेहरान के खिलाफ अमेरिकी हमलों की निंदा की और वाशिंगटन पर आरोप लगाया कि उसने अहम 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में सुरक्षा इंतजामों में दखल देकर वैश्विक कमर्शियल शिपिंग में बाधा डाली है। एक्स पर जारी एक आधिकारिक बयान में मंत्रालय ने कहा कि हाल की अमेरिकी कार्रवाइयों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार को खतरे में डाल दिया है और इस इलाके में सक्रिय संघर्ष को फिर से भड़का दिया है। मंत्रालय ने पिछले 24 घंटों में किए गए आक्रामक और क्रूर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की।

ईरानी अधिकारियों के अनुसार, ये हमले संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन हैं और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा पैदा करते हैं। पोस्ट में कहा गया, ईरान का विदेश मंत्रालय पिछले 24 घंटों में ईरान के खिलाफ अमेरिका के आक्रामक हमलों की कड़ी निंदा करता है। ये क्रूर हमले संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, खासकर अनुच्छेद 2(4) का गंभीर उल्लंघन हैं और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने युद्धविराम समझौते की लगभग सभी शर्तों को तोड़ दिया है, सिर्फ.25 दिनों के अंदर... ईरान के ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, मछली पकड़ने वाली नावों, कार्गो बार्ज और मौसम संबंधी सुविधाओं पर



हमला करके, और भयानक युद्ध अपराध करके।

बयान में इन कामों को साफ तौर पर भयानक युद्ध अपराध बताया गया। विदेश मंत्रालय ने दक्षिणी फारस की खाड़ी के आस-पास के देशों को भी कड़ी चेतावनी दी और कहा कि अमेरिका की मदद कर-के, पड़ोसी देश असल में इस संघर्ष में घसीट लिए गए हैं। बयान में कहा गया, इस हमले के लिए दक्षिणी फारस की खाड़ी के देशों के इलाकों/सुविधाओं का इस्तेमाल करने से वे असल में ईरान के खिलाफ इस गैर-कानूनी, आपराधिक युद्ध में घसीट लिए गए हैं।

इसके अलावा, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका के साथ हुआ। द्विपक्षीय समझौता "संकट के दौर" में पहुँच गया है।

उन्होंने वाशिंगटन पर आरोप लगाया कि वह रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में तेहरान की तय भूमिका को रोककर समझौते को सक्रिय रूप से कमजोर कर रहा है।

# सोशल मीडिया कोई खिलौना नहीं



**ब्रसेल्स**

**यूरोपीय** आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने सोमवार (13 जुलाई) को कहा कि आयोग गर्मियों के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों की पहुँच को सीमित करने का प्रस्ताव पेश करेगा। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि बच्चे एल्गोरिदम के बारे में सोचे बिना अपनी ऑफलाइन ज़िंदगी पर ध्यान दे सकें। ब्रसेल्स में पत्रकारों से बात करते हुए वॉन डेर लेयेन ने कहा कि हमारे बच्चों को असल दुनिया में समय बिताने की जरूरत है। उन्हें खेलने, दोस्ती करने और गलतियाँ करने का समय चाहिए। उन्हें अपनी पहचान और अपना व्यक्तित्व खुद बनाने का समय चाहिए, इससे पहले कि कोई एल्गोरिदम उन्हें आकार दे दे। उन्होंने आगे कहा कि बात यह नहीं है कि बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं या नहीं। असल बात यह है कि सोशल मीडिया हमारे बच्चों तक कब और कैसे पहुँचता है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने यह भी कहा कि एक ऐसी उम्र तय होनी चाहिए जिस पर बच्चों को कानूनी तौर पर सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की इजाजत दी जा सके।

उन्होंने कहा कि हमें

उन्होंने कहा कि 'सोशल मीडिया कोई खिलौना नहीं है' और बताया कि सबूत इस बात का समर्थन करते हैं कि सोशल मीडिया के इस्तेमाल के लिए कम से कम उम्र तय की जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने अलग-अलग उम्र के लोगों के लिए चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने का सुझाव भी दिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा हालात - यानी ऐसी दुनिया जहाँ हम बड़ी टेक कंपनियों को अपने बच्चों तक बिना किसी रोक-टोक के पहुँचने देते हैं से एक और पीढ़ी मानसिक नुकसान, लत और दुख की ओर धकेल दी जाएगी।

# 15 भारतीयों के शवों की दर्दनाक घर वापसी

**हनोई**

**हनोई** में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है कि 15 भारतीय नागरिकों के शव वियतनाम एयरलाइंस की फ़्लाइट से हो ची मिन्ह सिटी से मुंबई लाए जा रहे हैं और वे सोमवार शाम तक पहुँच जाएँगे। एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय दूतावास ने बताया कि शव वियतनाम एयरलाइंस की फ़्लाइट श्ठ 979 से मुंबई के लिए रवाना हो चुके हैं और स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे (2130 घंटे) पहुँचेंगे। आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु की राज्य सरकारें शवों को उनके संबंधित राज्यों में अंतिम गंतव्य तक पहुँचाने की व्यवस्था में



सहयोग करेंगी। हनोई में भारतीय दूतावास और हो ची मिन्ह सिटी में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने नाव दुर्घटना के बाद मिली मदद के लिए फु क्वोक स्पेशल इकोनॉमिक जोन, एन जियांग प्रांत के अधिकारियों, हो ची मिन्ह सिटी के विदेश मामलों के विभाग, विदेश मंत्रालय और अन्य सभी एजेंसियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने दुख की इस घड़ी में प्रार्थनाओं और संवेदना संदेशों के लिए वियतनाम का धन्यवाद किया। हम अपने वियतनामी दोस्तों की ओर से मिली संवेदनाओं और प्रार्थनाओं के लिए आभारी हैं। दुख की इस बेहद कठिन घड़ी में आपकी प्रार्थनाओं, प्रयासों और साथ ने हमें हिम्मत दी।

इस बीच, आंध्र भवन ने जानकारी दी है कि वियतनाम से लाए जा रहे शवों को आगे भेजने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। यह काम केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू की मदद और वियतनाम में भारतीय दूतावास से बातचीत के बाद किया गया है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य पर बढ़ा तनाव, ईरान ने अमेरिका पर लगाया युद्ध अपराध का आरोप

**ईरान**

**ईरान** के विदेश मंत्रालय ने सोमवार (स्थानीय समय) को तेहरान के खिलाफ अमेरिकी हमलों की निंदा की और वाशिंगटन पर आरोप लगाया कि उसने अहम 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में सुरक्षा इंतजामों में दखल देकर वैश्विक कमर्शियल शिपिंग में बाधा डाली है। एक्स पर जारी एक आधिकारिक बयान में मंत्रालय ने कहा कि हाल की अमेरिकी कार्रवाइयों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार को खतरे में डाल दिया है और इस इलाके में सक्रिय संघर्ष को फिर से भड़का दिया है। मंत्रालय ने पिछले 24 घंटों में किए गए आक्रामक और क्रूर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, ये हमले संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन हैं और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा पैदा करते हैं।

पोस्ट में कहा गया, ईरान का विदेश मंत्रालय पिछले 24 घंटों में ईरान के खिलाफ अमेरिका के आक्रामक हमलों की कड़ी निंदा करता है। ये क्रूर हमले संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, खासकर अनुच्छेद 2(4) का गंभीर उल्लंघन हैं और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने युद्धविराम समझौते की लगभग सभी शर्तों को तोड़ दिया है, सिर्फ.25 दिनों के अंदर... ईरान के ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, मछली पकड़ने वाली नावों, कार्गो बार्ज और मौसम संबंधी सुविधाओं पर हमला करके, और भयानक युद्ध अपराध करके। बयान में इन कामों को साफ तौर पर भयानक युद्ध





अपराध बताया गया। विदेश मंत्रालय ने दक्षिणी फारस की खाड़ी के आस-पास के देशों को भी कड़ी चेतावनी दी और कहा कि अमेरिका की मदद करके, पड़ोसी देश असल में इस संघर्ष में घसीट लिए गए हैं। बयान में कहा गया, इस हमले के लिए दक्षिणी फारस की खाड़ी के देशों के इलाकों/सुविधाओं का इस्तेमाल करने से वे असल में ईरान के खिलाफ इस गैर-कानूनी, आपराधिक युद्ध में घसीट लिए गए हैं। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका के साथ हुआ द्विपक्षीय समझौता "संकट के दौर" में पहुँच गया है। उन्होंने वाशिंगटन पर आरोप लगाया कि वह रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में तेहरान की तय भूमिका को रोककर समझौते को सक्रिय रूप से कमजोर कर रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# भारत के दुश्मन को किसने मारा? रूस-इजरायल ने हिला दी दुनिया

**इजरायल**

**अमेरिका** में हुई ताकतवर व्यक्ति की मौत ने कई देशों में बवाल मचा दिया है। यह व्यक्ति भारत को अमेरिका का आर्थिक गुलाम बनाना चाहता था। भारत को बर्बाद करने की चाह थी। भारत पर 500% टैरिफ लगाने का आइडिया इसी व्यक्ति ने डोनाल्ड ट्रंप को दिया था। लेकिन यह व्यक्ति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात करने के कुछ घंटों बाद इनकी मौत हो गई। इनका नाम लिंडसे ग्राहम था। यह रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर थे और डोनाल्ड ट्रंप के सबसे करीबी दोस्त। की मौत के बाद अमेरिकी लोगों का कहना है कि इन्हें रूस या ईरान ने जहर देकर मरवाया है। इजरायल के कुछ एक्सपर्ट्स बोल रहे हैं कि लिंडसे ग्राहम की मौत के पीछे रूस, ईरान या फिर कोई अमेरिकी भी शामिल हो सकता है। इससे पेचीदा मौत दुनिया में किसी की नहीं हुई।

लिंडसे ग्राहम कश्मीर को आजाद देखना चाहते थे। उन्हें पसंद नहीं था कि भारत ने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटा दिया। लिंडसे ग्राहम ने ट्रंप से कहा था कि हमें भारत पर 500% टैरिफ लगाने चाहिए क्योंकि भारत रूस का दोस्त है। रूस के साथ व्यापार कर रहा है। को सजा देनी चाहिए। भारत की अर्थव्यवस्था को कुचल देना चाहिए। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि अमेरिकी संसद में भारत के सबसे बड़े विरोधी लिंडसे ग्राहम अचानक मर कैसे गए। आप सिर्फ क्रोनोलॉजी को देखिए। 10 जुलाई को लिंडसे ग्राहम



यूक्रेन में जेलेंस्की से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कीव स्थित एक गुप्त ड्रोन कारखाने का दौरा किया। यूक्रेन से ही लिंडसे ग्राहम ने ऐलान किया कि वह रूस पर अब तक के सबसे भयानक सैंक्शंस लगाने का प्रस्ताव रखने जा रहे हैं। इसके अलावा जो देश रूस के दोस्त हैं, उन्हें भी छोड़ा नहीं जाएगा। लेकिन उसके बाद यूक्रेन में एक धमाका हुआ। लिंडसे ग्राहम यूक्रेन के जिस ड्रोन कारखाने में गए थे, उस पर अटैक कर दिया। पूरा कारखाना तबाह हो गया। इसके बाद खबर आई कि रूस के एक सटीक मिसाइल हमले से कीव के एक प्रतिष्ठित होटल को ध्वस्त कर दिया गया। इस होटल में नाटो के शीर्ष कमांडर आए हुए थे। यहीं पर लिंडसे ग्राहम भी मौजूद थे। हालांकि इस होटल अटैक में लिंडसे ग्राहम को कुछ नहीं हुआ, लेकिन जब लिंडसे ग्राहम अमेरिका पहुंचे तो अचानक उनकी मौत हो गई। कुछ एक्सपर्ट्स ने दावा किया कि रूस ने लिंडसे ग्राहम को कोई जहर देकर मारा है। इतना सुनकर आपको लग रहा होगा कि रूस ने ही लिंडसे ग्राहम को मरवाया है। लेकिन इस कहानी में अब दूसरा ट्विस्ट देखिए।

लिंडसे ग्राहम की मौत से कुछ दिन पहले ईरान में ट्रंप की तस्वीरों के साथ उनकी तस्वीर भी लहराई गई थी। कहा गया था कि लिंडसे ग्राहम हमारे टारगेट पर है। लिंडसे ग्राहम के मरते ही ईरान के सरकारी न्यूज चैनल पर लिंडसे ग्राहम की मौत की बधाई दी गई। अब कई लोगों का कहना है कि ईरान ने लिंडसे ग्राहम को मरवाया है। लिंडसे ग्राहम चाहते थे कि ईरान का खात्मा होना चाहिए। ईरान के साथ कोई पीस डील नहीं होनी चाहिए। मगर अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस ईरान के साथ शांति समझौता करने पर अड़ गए। लिंडसे ग्राहम चाहते थे कि ईरान में तख्ता पलट होना चाहिए।

## सम्पादकीय

### मंदिर में चोरी और नेहरू जी

**राम** मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला अब केंद्र और उत्तरप्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी मुश्किल बनता जा रहा है। विपक्ष तो इस मुद्दे पर लगातार सवाल उठा ही रहा है, अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस मामले पर अपनी चिंता सार्वजनिक तौर पर व्यक्त की है। संघ की वार्षिक 'अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक' हाल ही में कर्नाटक के बेलगावी में खत्म हुई। बैठक में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की गिनती में हुई गड़बड़ी की घटना पर दुख जताया गया। उत्तरप्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस मामले में एक एसआईटी गठित कर जांच शुरू की है, जिस पर संघ ने भरोसा जताया कि एसआईटी और पुलिस की कार्रवाई किसी ठोस नतीजे तक पहुंचेगी। संघ ने कहा कि 'तीर्थ क्षेत्र न्यास' पक्का करे कि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो जिससे राम मंदिर के प्रति सभी राम भक्तों की श्रद्धा और गहरी आस्था को ठेस पहुंचे।' वैसे उत्तर प्रदेश सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ बेहद सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन बड़ा सवाल तो यही बना हुआ है कि जिस न्यास का गठन भाजपा सरकार की देखरेख और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जानकारी में हुआ, वहां करोड़ों की चोरी करने की किसी की भी हिम्मत कैसे हुई। दो ही स्थितियों में ऐसा मुमकिन है, या तो प्रधानमंत्री ने राम मंदिर का राजनैतिक उपयोग करने के बाद वहां के संचालन पर ध्यान नहीं दिया या फिर उन्हें सब कुछ पता होते हुए भी उन्होंने इस तरफ अनदेखी की। सच्चाई क्या है यह तो खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बताएंगे। लेकिन कम से कम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इस पूरे प्रकरण पर नरेन्द्र मोदी ने कुछ नहीं कहा है। राम मंदिर के लिए आडवानी द्वारा निकाली गई रथयात्रा से लेकर बाबरी मस्जिद तोड़कर उसी जगह पर मंदिर के लिए भूमिपूजन करने, फिर मंदिर का उद्घाटन, प्राण प्रतिष्ठा करने तक नरेन्द्र मोदी का चेहरा ही आगे रहा। रथयात्रा में उन्होंने संघ और भाजपा के कार्यकर्ता होने के नाते समन्वयक के तौर पर काम किया था, लेकिन जब उस बीज की फसल लहलहाई तो सबसे ज्यादा लाभ नरेन्द्र मोदी के खाते में ही आया। हर चुनाव में उन्होंने यह दावा किया कि जहां वादा किया था, वहीं मंदिर बनवाया। तो अब हिंदुओं की आस्था पर इतनी बड़ी चोट की गई है, तो क्या नरेन्द्र मोदी को दर्द नहीं हो रहा है, यह सवाल तो उठेगा ही। जब संघ के लोग अफसोस जाहिर कर सकते हैं, जब नरेन्द्र मोदी के पूर्व प्रधान सचिव और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी रहे नृपेंद्र मिश्रा इस सार्वजनिक चोरी पर दुख जता चुके हैं, तो नरेन्द्र मोदी को बोलने से कौन रोक रहा है। ध्यान रहे कि 2024 में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'राम राष्ट्र हैं और देव देश हैं।' हालांकि यह विचार संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना के खिलाफ था, फिर भी अगर मोदी को अपने कहे पर यकीन था तो अब अपने राष्ट्र और देश पर चोरों की कुदृष्टि देखकर भी वे शांत कैसे हैं। नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने हाल ही में उनकी सत्ता के 12 साल पूरे होने पर इस बात की खुशी मनाई कि मोदी ने प.नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हालांकि उसमें तथ्यात्मक गलती है, फिर भी उनकी खुशफहमी उन्हें मुबारक। जहां तक नेहरूजी से तुलना की बात है तो मंदिर चोरी का ऐसा ही प्रकरण राजस्थान में श्रीनाथद्वारा में भी हुआ था। 13 नवंबर 1958 को मंगालदास पकवासा ने 18वीं सदी के श्रीनाथजी मंदिर से सोना, चांदी और भारी मात्रा में नकदी उसके संरक्षक महाराज द्वारा गुप्त रूप से ले जाए जाने की सूचना तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू को दी।

# नेपाल का दूसरा जेन-जी संकट

**असद मिर्जा सरकार**

**शाह** की सरकार को यह समझने की जरूरत है कि जेन-जी की मूल मांग कभी भी सिर्फ सिंहदरबार में चेहरे बदलने की नहीं थी– यह ऐसी संस्थाओं की मांग थी जो नागरिकों, विशेष रूप से सबसे गरीबों के साथ, उचित प्रक्रिया के तहत व्यवहार करें। इस कसौटी पर खरा न उतरना नेपाल की अब तक की सबसे युवा सरकार को इस बात का एक उदाहरण बना सकता है।

एक सरकार गिराने के दस महीने बाद, नेपाल की जेन-जी अब उसी सरकार के सामने खड़ी है जिसे उसने खुद बनाया। एक क्रूर बेदखली अभियान, एक चालक की आत्मदाह घटना और असहमति पर बढ़ती कार्रवाई यह परख रही है कि क्या बालेन शाह की 'नई राजनीति' पुरानी राजनीति से अलग है। नेपाल एक असहज पुनरावृत्ति देख रहा है। के.पी. शर्मा ओली को सत्ता से हटाने वाले युवा विद्रोह के एक साल से भी कम समय बाद, वही पीढ़ी फिर से सड़कों पर है – इस बार उसी नेता के खिलाफ जिसे उसने सत्ता में बिठाने में मदद की थी। प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह, वह रैपर-इंजीनियर-से-मेयर बने नेता जो मार्च 2026 में जेन-ड्डी के गुस्से की लहर पर सवार होकर भारी जीत हासिल की, अब अपने कार्यकाल के पहले बड़े जन-विद्रोह का सामना कर रहे हैं। इस बार वजह भ्रष्टाचार या सोशल मीडिया प्रतिबंध नहीं, बल्कि बुलडोजर हैं।

क्यों हो रहे हैं ये विरोध प्रदर्शन

अप्रैल के अंत से, काठमांडू घाटी में बागमती और अन्य नदी किनारों पर बसी झुग्गी-झोपड़ी और अनियोजित बस्तियों के खिलाफ सरकार के बेदखली अभियान ने 2,600 से अधिक परिवारों– लगभग 15,000 लोगों– के घर ध्वस्त कर दिए हैं। इसे अतिक्रमित सार्वजनिक भूमि वापस लेने की मुहिम के रूप में पेश किया गया था, और शुरूआत में इसे व्यापक समर्थन भी मिला था: यहां तक कि आरएसपी के चुनावी घोषणापत्र में भी उपग्रह मानचित्रण और बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिए 'वास्तविक' भूमिहीन परिवारों को अवसरवादी अतिक्रमणकारियों से अलग करने का वैज्ञानिक तरीका अपनाने का वादा किया गया था।

जिस बात ने आक्रोश पैदा किया है, वह नदी किनारों को साफ करने का सिद्धांत नहीं, बल्कि उसका क्रम है– पहले बेदखली, फिर पुनर्वास, अगर हुआ तो। लगभग 325 परिवारों को अस्थायी होल्डिंग सेंटरों में स्थानांतरित किया गया, जिनमें से कई बाद में बाढ़ की चपेट में आ गए, सबसे स्पष्ट रूप से कीर्तिपुर में।

इस महीने की शुरूआत में सरकार ने निवासियों को इन आश्रयों को भी खाली करने का आदेश दिया, हालांकि कई ने कहा कि उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है। गुस्सा तब चरम पर पहुंच गया जब एक चालक, गणेश नेपाली ने नगर पुलिस के साथ विवाद के बाद खुद को आग लगा ली– यह घटना अब प्रदर्शनकारियों के लिए गरीबों के प्रति राज्य की उदासीनता का प्रतीक बन गई है।

संयुक्त राष्ट्रीय स्क्वाटर मोर्चा ने तब से 'गरीबों पर अत्याचार बंद करो' जैसे नारों वाले बैनरों के तहत मार्च आयोजित किए हैं, जबकि वे युवा कार्यकर्ता जिन्होंने कभी शाह के उभार की सराहना की थी, अब उनके प्रशासन पर भूमिहीनों को एक संवैधानिक दायित्व के बजाय एक असुविधा मानने का आरोप लगा रहे हैं– उनके अनुसार, यह सितंबर 2025 में जेन-जी द्वारा लड़ी गई जवाबदेही और समावेशन की भावना के साथ विश्वासघात है।

सरकार की प्रतिक्रिया

बालेन शाह के प्रशासन ने इन बेदखलियों को काफी हद तक लंबे समय से लंबित भूमि प्रबंधन के रूप में उचित ठहराया है, और यह दावा किया है कि वास्तविक भूमिहीन परिवारों और मुनाफे के लिए सार्वजनिक या निजी भूमि पर कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों के बीच अंतर बनाए रखा जा रहा है।

लेकिन इसके बाद के घटनाक्रम को संभालने के तरीके ने नीति से भी अधिक आलोचना खींची है। पुलिस ने कई जेन-




जी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है– जिनमें माजिद अंसारी, सरिस्मा थापा और नेल्सन घतानी शामिल हैं– जब वे बाढ़ के बाद हालात दर्ज करने के लिए कीर्तिपुर होल्डिंग सेंटर पहुंचे थे।

नेपाल पुलिस के प्रवक्ता अबी नारायण काफले का कहना है कि कार्रवाई केवल उन्हीं के खिलाफ की जाती है जो 'पुलिस के काम में बाधा डालते हैं, अशांति भड़काते हैं या सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालते हैं,' और वैध विरोध का सम्मान किया जाता है।

अधिकार समूह इसे अलग तरह से देखते हैं: महिला मानवाधिकार रक्षक राष्ट्रीय गठबंधन ने जिसे वह 'अमानवीय व्यवहार' और 'गैरकानूनी हिरासत' कहता है उसकी निंदा की है, जबकि काठमांडू पोस्ट ने पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण असहमति को सुरक्षा खतरे के रूप में मानने के एक व्यापक पैटर्न का दस्तावेजीकरण किया है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दो बार हस्तक्षेप किया है, अधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना होल्डिंग सेंटरों से स्क्वाटरों को न निकालने का निर्देश दिया है, और इसके लिए नेपाल के अपने 2018 के स्क्वाटर-आवास कानून, अनुच्छेद 37 के तहत पर्याप्त आवास के संवैधानिक अधिकार, और नेपाल द्वारा अनुसमर्थित अंतरराष्ट्रीय संधियों का हवाला दिया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने भी बेदखली अभियान के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक मंत्री ने स्क्वाटरों से दुर्लभ व्यक्तिगत माफी मांगी है, यह कहते हुए कि स्थिति 'देखने में कठिन' थी– एक स्वीकारोक्ति जो सरकार के इस निरंतर दावे के साथ असहज रूप से बैठती है कि उसका समग्र दृष्टिकोण कानूनी है।

विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया

मार्च के चुनाव में करारी हार झेलने वाले दलों के लिए, इस संकट ने खुद को उसी वर्ग के रक्षक के रूप में फिर से पेश करने का अवसर दिया है जिसने उन्हें अस्वीकार किया था।

सीपीएन-यूएमएल के निरज आचार्य ने तर्क दिया है कि जनादेश 'मनमानी शासन का लाइसेंस' नहीं है, और सरकार से 'पुनर्वास पहले, स्थानांतरण बाद में' की नीति अपनाने और नागरिकों के खिलाफ बल प्रयोग रोकने का आह्वान किया है।

जनता समाजवादी पार्टी के महतो ने आगे बढ़ते हुए सरकार के पहले सौ दिनों को 'पुराने अधिनायकवाद की गंध' वाला बताया, और ध्वस्त की गई बस्तियों, शिक्षा व स्वास्थ्य पर कराधान, तथा गणेश नेपाली के आत्मदाह को राज्य की संवेदनहीनता के प्रमाण के रूप में पेश किया।

नेपाली कांग्रेस के नेताओं, जिनमें गगन कुमार थापा और भीष्म राज आङ्देम्बे शामिल हैं, ने हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं की बिना शर्त रिहाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि सख्ती जारी रहने से और अशांति फैल सकती है।

यहां एक स्पष्ट विडंबना है: इनमें से कई दल दशकों तक अव्यवस्थित स्क्वाटर बस्तियों के लिए जिम्मेदार रहे हैं और खुद 2025 में जेन-जी के गुस्से का निशाना बने थे।

समाधान क्या होना चाहिए सरकार

यहां मूल विफलता क्रम की है, मंशा की नहीं। नेपाल का संविधान, इसका 2018 का स्क्वाटर-अधिकार कानून, और सर्वोच्च न्यायालय के कई फैसले सभी उसी सिद्धांत को स्थापित करते हैं जिसे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग बार-बार दोहराता है: वैकल्पिक आवास और आजीविका सहायता स्थानांतरण से पहले होनी चाहिए, बाद में सोचा जाने वाला विषय नहीं है।

एक विश्वसनीय आगे का रास्ता यह मांग करता है कि सरकार तब तक आगे की बेदखली रोके जब तक सत्यापित पुनर्वास स्थल– बाढ़-प्रवण स्टेडियम या होल्डिंग सेंटर नहीं– तैयार न हो जाएं, और भूमि संबंधी समस्या समाधान आयोग के माध्यम से वास्तविक भूमिहीन परिवारों की वादा की गई वैज्ञानिक पहचान पूरी करे, न कि विवेकाधीन बुलडोजर अभियानों के जरिए।

सबसे बढ़कर, शाह की सरकार को यह समझने की जरूरत है कि जेन-जी की मूल मांग कभी भी सिर्फ सिंहदरबार में चेहरे बदलने की नहीं थी– यह ऐसी संस्थाओं की मांग थी जो नागरिकों, विशेष रूप से सबसे गरीबों के साथ, उचित प्रक्रिया के तहत व्यवहार करें। इस कसौटी पर खरा न उतरना नेपाल की अब तक की सबसे युवा सरकार को इस बात का एक उदाहरण बना सकता है कि किसी आंदोलन के अपने नेता कितनी जल्दी उन्हीं आदतों को अपना सकते हैं जिनके खिलाफ वे कभी उठ खड़े हुए थे।

# एक युग का अवसान, एक विरासत का अमरत्व

**-: ललित गर्ग:-**

**कुछ** व्यक्तित्व केवल अपने जीवनकाल तक सीमित नहीं रहते, वे अपने समय की सांस्कृतिक चेतना बन जाते हैं। उनके जाने के बाद भी उनकी साधना समाज की स्मृतियों, संस्कारों और परंपराओं में जीवित रहती है। राजस्थानी लोकसंगीत, भाषा, साहित्य और संस्कृति के ऐसे ही युगपुरुष थे केसरी चंद (के.सी.) मालू। उनका निधन केवल एक व्यक्ति का निधन नहीं है, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक यात्रा के एक स्वर्णिम अध्याय का विराम है। उन्होंने अपने जीवन को जिस निष्ठा, समर्पण और तपस्वी भाव से राजस्थानी अस्मिता के संरक्षण में समर्पित किया, वह उन्हें सामान्य व्यक्तियों की श्रेणी से बहुत ऊपर स्थापित करता है। आज जब बाजारवाद और वैश्वीकरण की तेज आंधी में लोकसंस्कृतियां अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, तब के. सी. मालू जैसे व्यक्तित्वों का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो एक अकेला व्यक्ति भी पूरी सांस्कृतिक धरोहर को विलुप्त होने से बचा सकता है। उन्होंने राजस्थानी लोकधुनों एवं लोकगीतों को केवल संग्रहित नहीं किया, बल्कि उन्हें नई पीढ़ी की धड़कनों तक पहुंचाया। उन्होंने संस्कृति को संग्रहालय की वस्तु नहीं बनने दिया, बल्कि उसे जनजीवन की सांसों से जोड़ दिया। निश्चित ही वे लोकधुनों के सजग प्रहरी थे, संस्कृतिप्रेमी एवं कला-साधक थे। संगीत उनके लिए केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि संस्कृति का प्राण था। उन्होंने हजारों लोकगीतों की पांडुलिपियां तैयार करवाई, ध्वनिलिपियां बनवाईं, उनकी रिकॉर्डिंग करवाई और उन्हें सुरक्षित रखा। बिना किसी सरकारी सहायता के पांच हजार से अधिक लोकगीतों का संरक्षण अपने आप में विश्वस्तरीय सांस्कृतिक साधना है। यह कार्य किसी संस्थान के लिए भी कठिन माना जाता है, लेकिन उन्होंने इसे अपने जीवन का मिशन बना लिया। यही कारण है कि आज राजस्थान की अनेक लोकधुनें, विवाह गीत, मांड, पणिहारी, घूमर, चिरमी और असंख्य लोकगाथाएं सुरक्षित हैं। वीणा म्यूजिक की स्थापना केवल एक व्यावसायिक संस्था की स्थापना नहीं थी, बल्कि यह राजस्थान की आत्मा को स्वर देने का अभियान था। उस दौर में जब लोककलाकार गुमनामी के अंधेरे में खो रहे थे, उन्होंने उन्हें मंच दिया, सम्मान दिया और पहचान दी। अनेक कलाकार,



जिनकी प्रतिभा गांवों तक सीमित थी, उनके प्रयासों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचे। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि लोककला किसी क्षेत्र की सीमाओं में कैद नहीं होती, बल्कि वह पूरी मानवता की सांस्कृतिक धरोहर होती है। ऐसा प्रतीत होता है उनके जीवन की हर पात में संगीत की झंकार है। राजस्थानी संस्कृति, संगीत एवं लोकधुनों से जहां-जहां साक्षात्कार होगा, वहां-वहां के.सी. मालू के कदमों के निशान मिलेंगे। उनका मन एवं कर्म सृजनात्मक था।

के.सी. मालू की दृष्टि केवल संगीत तक सीमित नहीं थी। वे राजस्थानी भाषा के भी प्रखर प्रहरी थे। उनका मानना था कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह किसी समाज की आत्मा और उसकी सांस्कृतिक स्मृति होती है। राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया, वह उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं अपनी माटी के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने देश और विदेश के अनेक मंचों पर राजस्थानी भाषा की गरिमा और उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचकर भी विनम्र बने रहे। उनके भीतर कलाकार का संवेदनशील हृदय, साहित्यकार की दृष्टि और समाजसेवी की आत्मीयता एक साथ दिखाई देती थी। वे जानते थे कि संस्कृति केवल पुस्तकों या मंचों से जीवित नहीं रहती, बल्कि लोगों के जीवन में उतरने से जीवित रहती है। इसलिए उन्होंने लोकसंगीत को गांवों से निकालकर शहरों तक और भारत से निकालकर विश्वभर के राजस्थानी समाज तक पहुंचाया।

वर्ष 1987 में अकाल पीड़ितों की सहायता के लिए लता मंगेशकर नाइट का आयोजन कर एक करोड़ रुपये की सहायता राशि जुटाना उनके सामाजिक दायित्वबोध का अद्भुत उदाहरण है। यह बताता है कि उनके लिए संगीत केवल कला नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम भी था। उन्होंने अपने संसाधनों और प्रतिष्ठा का उपयोग समाजहित के लिए किया। आज जब कला का बड़ा हिस्सा केवल व्यवसाय बनता जा रहा है, तब के.सी. मालू का जीवन यह संदेश देता है कि कला का सर्वोच्च उद्देश्य समाज को समृद्ध बनाना है। उनके द्वारा संकलित 221 राजस्थानी विवाह गीतों का विशाल संग्रह विश्व में अपनी तरह का अनूठा उदाहरण है। यह केवल गीतों का संग्रह नहीं, बल्कि राजस्थान की सामाजिक परंपराओं, पारिवारिक संस्कारों और सांस्कृतिक स्मृतियों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने यह समझ लिया था कि यदि लोकगीत बचेंगे तो लोकजीवन भी बचेगा। इसलिए उन्होंने संगीत के माध्यम से संस्कृति की रक्षा का महान कार्य किया।

मेरा उनसे संबंध केवल एक प्रशंसक का नहीं था, बल्कि आत्मीयता का था। मेरे पूज्य पिताजी स्व. श्री रामस्वरूप जी गर्ग जब भी जयपुर जाते थे, तो के.सी. मालू जी से अवश्य मिलते थे। दोनों के बीच साहित्य, संस्कृति, जैन दर्शन और समाज के विविध विषयों पर लंबी चर्चाएं होती थीं। उन चर्चाओं का उल्लेख मैं बचपन से सुनता आया हूं। उन संवादों में केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं होता था, बल्कि संस्कृति के भविष्य की चिंता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव भी दिखाई देता था। बाद में मुझे भी उनसे मिलने और उनके स्नेह का लाभ लेने का अवसर मिला। उनकी सहजता, आत्मीयता और विचारों की गहराई आज भी स्मृतियों में ताजा है। वे जब भी राजस्थान की संस्कृति की बात करते थे, उनके शब्दों में केवल जानकारी नहीं होती थी, बल्कि मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम झलकता था। वे मानते थे कि अपनी जड़ों से जुड़ा समाज ही भविष्य का निर्माण कर सकता है। शायद यही कारण था कि उन्होंने आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए भी परंपरा को कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने डिजिटल माध्यमों पर भी राजस्थानी संगीत को स्थापित किया, जिससे दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला राजस्थानी अपनी मिट्टी की सुगंध को महसूस कर सके।

आप एक सेतु बन सकते हैं खूबसूरत, जिन्दगी बांचने वाला एवं संस्कृति-संरक्षण करने वाला पुल। हम एक साथ मिलकर जीवन को संस्कृतिमय बना सकते हैं, जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकते हैं, अंधेरों के बीच रोशनी बन सकते हैं। इसी सोच के साथ ह्यवीणाह्न के संस्थापक के. सी. मालू का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि महानता पद, सत्ता या संपत्ति से नहीं आती, बल्कि उस विरासत से आती है जो व्यक्ति समाज को देकर जाता है। उन्होंने अपने पीछे न केवल हजारों गीतों का खजाना छोड़ा है, बल्कि असंख्य कलाकारों की मुस्कान, लाखों श्रोताओं की स्मृतियां और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक अमूल्य स्रोत भी छोड़ा है। यही किसी भी जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। आज उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मन बार-बार यही कहता है कि कुछ लोग शरीर से विदा होते हैं, किंतु अपने कार्यों के कारण कभी विदा नहीं होते। के. सी. मालू भी ऐसे ही अमर व्यक्तित्व हैं। जब भी राजस्थान की धरती पर घूमर की थाप गूंजेगी, मांड की मधुर स्वर-लहरियां बहेंगी, विवाह गीतों में लोकसंस्कृति का उल्लास झलकेगा, तब-तब उनकी साधना स्मरण की जाएगी। वे हर उस स्वर में जीवित रहेंगे, जिसमें राजस्थान की माटी की सुगंध होगी।

मालू का जीवन एक संदेश है कि संस्कृति का संरक्षण किसी सरकार का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक सजग व्यक्ति का दायित्व है।

## वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत बंधुआकला पुलिस की कार्रवाई, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सुलतानपुर,**

**जनपद में** वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बंधुआकला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आधार पर दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की है।पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सरोज मय हमराह पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए फौजदारी वाद संख्या 532/2024, मुकदमा अपराध संख्या




85/2023, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत वांछित प्रमोद कुमार पुत्र मुसईराम, निवासी ग्राम पिकौरा, थाना बंधुआकला, उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार किया। वहीं फौजदारी वाद संख्या 864/2025, मुकदमा अपराध संख्या 196/2022, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के मामले में वांछित मोहित कुमार पुत्र रामशंकर, निवासी खटिकाना मोहल्ला, मजरा हसनपुर, थाना बंधुआकला, उम्र 26 वर्ष को भी गिरफ्तार किया गया।दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सरोज, कांस्टेबल अखिलेश कुमार यादव एवं कांस्टेबल रंजीत कुमार सोनकर शामिल रहे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत परिजनों ने लगाया जबरदस्ती काम कराने का आरोप

**सुलतानपुर** । तुराबखानी (लाखीपुर) में लाइट का काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई मृतक की पहचान दुर्गेश पुत्र मुरली निवासी ग्राम कुबेरशाह पट्टी थाना लम्भुआ के रूप में हुई हैं जानकारी के अनुसार दुर्गेश मजदूरी करने तुराबखानी गया था रात करीब 12:00 बजे काम के दौरान उसे



करंट लग गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद मोर्चरी हाउस के पास परिजनों का भारी जमावड़ा लगा हुआ हैं मृतक की बहन दीपा? और जीजा? रिंकू ने आरोप लगाया हैं कि ठेकेदार जबरदस्ती दुर्गेश से लाइट का काम करवाते थे परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हैं दुर्गेश की शादी 3 महीने पहले ही हुई थी घर में कोहराम मचा हुआ हैं पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

## एसपी चारू निगम की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याएं सुनीं; अधिकारियों को निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश

**सुलतानपुर।**

**पुलिस** अधीक्षक चारू निगम ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एसपी चारु निगम ने संबंधित राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को वर्चुअल एवं दूरभाष के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण



और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही सभी मामलों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। एसपी चारु निगम ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रति जवाबदेही तय की जाएगी।